रविवार, 22 दिसम्बर 2024

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 14 |
| आर्द्रता | 78% |
| सूर्योदय: 6:14 | सूर्यास्त: 16:58 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये



संभल में दूसरे दिन पहुंची एएसआई की टीम, कल्कि विष्णु मंदिर और कूप का किया सर्वे रिपोर्ट का इंतजार –पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार और पांच पर

सुविचार : लाखों समस्याओं के बीच खूबसूरत और अनमोल है जिंदगी।

# जीएसटी परिषद ने बीमा पर कर कटौती का फैसला टाला

## पुरानी कार खरीदने पर देना होगा 18% जीएसटी



**नई दिल्ली :** जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा,अगर आप पुराने वाहन खरीदने को इच्छुक हैं तो अब इस पर 18 फीसदी जीएसटी देना होगा। पहले यह दर 12 फीसदी थी। हालांकि, यह दर तब लागू होगी, जब किसी कंपनी से आप खरीद रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को बेच रहा है तो कोई टैक्स नहीं लगेगा। नई ईवी पर पहले की तरह पांच फीसदी जीएसटी की दर लागू रहेगी। इसी के साथ यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि लोन की शर्त नहीं मानने वाले ग्राहकों पर बैंक या वित्तीय संस्थान कोई जुर्माना लगाते हैं तो अब उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम, विमानन ईंधन और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर टैक्स को कम करने का फैसला जनवरी की बैठक में होगा।

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को जैसलमेर में 55वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, पौष्टिक चावल (फोर्टिफाइड राइस) पर जीएसटी दर को घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। देश से बाहर माल भेजने वाले सप्लायर्स के लिए मुआवजा उपकर की दर को कम किया गया है। यह इसलिए, ताकि निर्यातक की वर्किंग कैपिटल बढ़ सके।

### पॉपकॉर्न पर स्पष्टीकरण, लगते रहेंगे तीन तरह के टैक्स

पहले से पैक और लेबल के साथ पॉपकॉर्न पर 12% का टैक्स लगाया जाएगा। अगर इसमें चीनी मिलाई गई है तो उस पर 18% की दर से जीएसटी जीएसटी लागू रहेगा। इसकी कीमतों पर परिषद अलग से सर्कुलर जारी करेगी। पॉपकॉर्न पर तीन तरह से अब टैक्स लगेगा। पहला नमक और मसाले मिलाकर खाने के लिए तैयार किए गए और पैक्ड हैं, लेकिन उन पर कोई लेबल नहीं लगा है। ऐसे पैक्ड पॉपकॉर्न पर 5% जीएसटी लागू होगा। पैकेट पर लेबल भी लगा है तो उस पर जीएसटी बढकर 12 फीसदी हो जाएगा। ये सभी टैक्स पहले से ही लागू हैं, अब इनको स्पष्ट कर दिया गया है।

### रेस्तरां में खाने पर 18 फीसदी टैक्स लगता रहेगा

महंगे होटल के अंदर बने रेस्टोरेंट में खाने पर 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। इसे घटाकर पांच फीसदी करने का प्रस्ताव था। इसमें किसी बदलाव को मंजूरी नहीं दी गई है। 7500 रुपए से ज्यादा रूम प्रति रात वाले होटलों को राहत देने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन इस पर भी कोई फैसला नहीं हुआ।

### राज्य एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने के पक्ष में नहीं: सीतारमण

**जैसलमेर :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि राज्य विमान टरबाइन ईंधन को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर सहमत नहीं हैं। बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''राज्य इस बारे में सहज नहीं थे। वे एटीएफ नहीं चाहते थे, क्योंकि वे इसे कच्चे पेट्रोलियम-डीजल उत्पाद की श्रेणी में देखते हैं और इसलिए उन्होंने कहा कि इसे अकेले नहीं हटाया जा सकता। इसलिए इस पर यथास्थिति बनी हुई है।''

# प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में प्रवासी भारतीयों की सराहना की, कहा- भारत बन सकता है 'विश्व की कौशल राजधानी'



**कुवैत सिटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए शनिवार को यहां कहा कि भारत में ''विश्व की कौशल राजधानी'' (स्किल कैपिटल) बनने का सामर्थ्य है। मोदी शहर के शेख साद अल अब्दुल्ला इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'हला मोदी' में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''हर साल सैकड़ों भारतीय कुवैत आते हैं; आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया। आपने कुवैत के 'कैनवास (परिदृश्य)' को भारतीय कौशल के रंगों से भर दिया है। आपने कुवैत में भारत की प्रतिभा, तकनीक और परंपरा का मसाला घोल दिया है।'' कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत की यात्रा पर आए मोदी ने खाड़ी देश में देश के विभिन्न कोनों से आए भारतीयों की मौजूदगी को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे ''मिनी हिंदुस्तान'' कहा। उन्होंने कहा कि भारत के स्टार्टअप, फिनटेक, स्मार्ट प्रौद्योगिकी और हरित प्रौद्योगिकी कुवैत की हर जरूरत के लिए अत्याधुनिक समाधान विकसित कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि, ''भारत कुशल प्रतिभाओं की विश्व की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सक्षम है...भारत में विश्व की कौशल राजधानी बनने की भी क्षमता है।'' उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि आने वाले कई दशकों तक भारत विश्व का सबसे युवा देश बना रहेगा। कुवैत और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय कामगारों को समर्थन देने के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने 'ई-माइग्रेट' पोर्टल समेत सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रौद्योगिकी-संचालित योजनाओं पर चर्चा की। कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए मोदी ने कहा कि 43 वर्षों के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री सदियों पुरानी मित्रता को और मजबूत करने के लिए कुवैत की यात्रा पर आया है।

# भूमि अधिग्रहण बाधाओं के चलते बंगाल की परियोजनाओं में देरी : रेल मंत्रालय

■ बंगाल में रेलवे परियोजनाओं के लिए 3,040 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता, केवल 640 हेक्टेयर का ही हो पाया हैं अधिग्रहण



**कोलकाता :** रेल मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि बंगाल में कई रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में महत्वपूर्ण देरी हुई है, जिसका मुख्य कारण भूमि अधिग्रहण में चुनौतियां हैं।मंत्रालय ने बयान में कहा कि बंगाल में रेलवे परियोजनाओं के लिए बजट में पर्याप्त वृद्धि हुई है और आवंटन 2009-14 के दौरान 4,380 करोड़ रुपये से तीन गुना बढ़कर 2024-25 में 13,941 करोड़ रुपये हो गया है। इसके बावजूद परियोजनाओं में देरी हो रही है।बयान के मुताबिक एक अप्रैल, 2024 तक बंगाल में 43 रेलवे परियोजनाएं चालू थीं, जिनकी कुल लंबाई 4,479 किलोमीटर है और लागत 60,168 करोड़ रुपये है। ये परियोजनाएं पूरी या आंशिक रूप से बंगाल में हैं और पूर्व रेलवे, दक्षिण पूर्व रेलवे और पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत आती हैं। इनमें पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे का मुख्यालय कोलकाता में ही है। इन परियोजनाओं में नई लाइन बिछाने और आधुनिकीकरण का काम शामिल है।मंत्रालय ने कहा कि इनमें से 1,655 किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है और इस पर मार्च 2024 तक 20,434 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हुआ। मंत्रालय ने कहा कि बंगाल में जमीन अधिग्रहण एक बड़ी बाधा है, क्योंकि कुल 3,040 हेक्टेयर की आवश्यकता में केवल 640 हेक्टेयर (21 प्रतिशत) का ही अधिग्रहण किया गया है। रेलवे राज्य सरकारों के माध्यम से अपनी परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण करता है। बता दें इससे पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी कई बार ममता सरकार पर बंगाल में रेलवे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में असहयोग का आरोप लगा चुके हैं।

# अयोध्या में राम मंदिर को वैश्विक सुरक्षा मान्यता मिली

**अयोध्या (उप्र) :** राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण ने दुनिया भर में सुरक्षा के लिए एक मानक स्थापित किया है। बड़े-बड़े पत्थरों के साथ दिन-रात लगातार काम करने के बावजूद, अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता वाली कोई दुर्घटना नहीं हुई। यह जानकारी राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के एक पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि ब्रिटिश सुरक्षा परिषद ने बिल्डर को 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने गोल्डन ट्रॉफी प्रदान की। विशेषज्ञों के अनुसार यह सम्मान मंदिर निर्माण के दौरान लागू किये गये नये उत्कृष्ट सुरक्षा के उपायों को दर्शाता है। यह पुरस्कार वैश्विक सुरक्षा मानकों के अनुपालन और सावधानीपूर्वक योजना और निष्पादन का प्रमाण है, जो इसे विश्व स्तर पर अन्य निर्माण परियोजनाओं के लिए एक मॉडल बनाता है। पारंपरिक नागर शैली में निर्मित राम जन्मभूमि मंदिर 380 (पूर्व-पश्चिम) 250 फीट की चौड़ाई में फैला है और 161 फीट ऊंचा है। संरचना में 392 खंभे और 44 दरवाजे हैं। यह पूर्व की ओर है और इसमें 32 सीढ़ियों वाला एक भव्य प्रवेश द्वार है। सभी मापदंडों पर पांच सितारा रेटिंग प्राप्त करने वाले निर्माण ही प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए योग्य हैं। राय ने कहा, रोज आने वाले हजारों भक्तों को समायोजित करते हुए निर्बाध निर्माण को बनाए रखना महत्वपूर्ण चुनौतियां प्रस्तुत करता है, फिर भी, शुरुआत से ही असाधारण सावधानियों को लागू किया गया था, और सब कुछ ईश्वरीय कृपा से सुचारू रूप से आगे बढ़ा।''

# रूस ने संरा सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने के भारत के प्रयास के लिये समर्थन दोहराया

**नयी दिल्ली :** भारत और रूस ने चरमपंथ और आतंकवाद के वित्तपोषण की चुनौतियों से निपटने में संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने का फैसला किया है। आतंकवाद के खतरों से निपटने में सहयोग को गहरा करने के तौर-तरीकों पर आतंकवाद-रोधी सहयोग पर भारत-रूस संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक में चर्चा की गई। संयुक्त राष्ट्र से संबंधित मुद्दों पर एक अलग बैठक में, रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में भारत के प्रयास के लिए अपना समर्थन दोहराया। यह बैठक 19 और 20 दिसंबर को मॉस्को में हुई। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ 13वें जेडब्ल्यूजी के दौरान दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद और चरमपंथ का मुकाबला करने में अपने अनुभव साझा किए तथा कट्टरपंथ के साथ-साथ आतंकवाद के वित्तपोषण की समस्या को दूर करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।'' एक बयान में कहा गया, ''बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर मौजूदा आतंकवादी खतरों से निपटने के लिए नयी और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर चर्चा की गई।'' विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर आतंकवाद विरोधी सहयोग को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# तोपसिया के बाद अब न्यू अलीपुर की बस्ती में लगी भीषण आग

■ दमकल मंत्री, मेयर व खेल मंत्री ने घटनास्थल का किया दौरा

## 16 ईंजन मौंके पर पहुंचे



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर कोलकाता के तोपसिया की बस्ती में लगी आग के 24 घंटे भी नहीं हुए और वहां पूरी तरह से जन जीवन समान्य भी नहीं हो सका था कि शनिवार की शाम को न्यू अलीपुर स्थित दुर्गापुर पुल के नीचे झुग्गी बस्ती में भीषण आग लग गई। देखते ही आग ने तमाम झुग्गी-झोपड़ियों को निगल लिया। स्थानीय लोगों ने बताया और खबर के लिखे जाने तक घटनास्थल पर दमकल की 16 गाड़ियां मौजूद दमकल कर्मी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। वहीं, सेना के जवान भी घटनास्थल पर पहुंच चुके थे। घटनास्थल पर राज्य के दमकल मंत्री सुजीत बोस व राज्य के मंत्री व कोलकाता के मेयर फिरहाद हाकीम व विधायक देवाशीष कुमार भी घटनास्थल पर पुंच चुके थे। खबर लिखा जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो सका था कि आग कैसे लगी। इस आग से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। दमकल के एक सूत्र ने नाम का गोपनियता पर कहा कि जहां आग लगी है वहां की झोपड़िया ज्वलनशील पदार्थों से भरी हुई हैं। उसकी वजह से आग एक के बाद दूसरी झोपड़ी में फैलती गई। जबकि, बस्ती के पास एक बीपी पोद्दार अस्पताल भी है। इससे और अधिक दहशत फैल गई। इस बात की शंका बनी हुई थी कि क्या उक्त झोपड़ियों में कोई फंस तो नहीं गया। आग बुझाने के लिए एक के बाद एक दमकल गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा था। सर्दी और रिमझिम बारिश के बीच दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के हर संभव प्रयास कर रहे थे। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुर्गापुर पुल से भी झुग्गी-झोपड़ियों में लगी आग को देखा जा रहा था। आग के कारण दुर्गापुर ब्रिज पर यातायात रोक दिया गया था। वहीं, आग के कारण सियालदह-बजबज लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई थी।




# बांग्लादेश में मंदिर के पुजारी की हुई हत्या, श्मशान भी सुरक्षित नहीं

**कोलकाता :** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने एक वीडियो पोस्ट किया और कहा, 'नाटोरे के काशिमपुर सेंट्रल श्मसान में स्थित मंदिर पर हमले की खबर सुनकर हैरान हूं। वहां से कीमती सामान लूट लिया गया और मंदिर के पुजारी तरुण चंद्र दास की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बंधे हुए हाथ-पैर के साथ उनका शव पाया गया। यहां तक कि हिंदू श्मशान भी सुरक्षित नहीं हैं।' यह वीडियो पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। 'अमर उजाला डॉट कॉम' इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। लेकिन वीडियो फुटेज एक कथित व्यक्ति के शव को दिखाया गया है, जिनके हाथ-पैर बंधे हुए हैं।

राधारमण दास ने कहा, 'पुजारी की हत्या से पहले उनकी कथित तौर पर पिटाई गई थी, क्योंकि शव बंधा हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि पुजारियों द्वारा संचालित मंदिर को लूटा गया।' बांग्लादेश पुलिस ने इस घटना को एक लूटपाट का मामला बताया है। लेकिन दास ने पुलिस के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा, यह कैसे हो सकता है कि लूटपाट और हिंसा की घटनाओं में केवल हिंदुओं को ही निशाना बनाया जा रहा हो?

# रूस के कजान में 9/11 जैसा अटैक, हाई राइज बिल्डिंग से टकराए 8 किलर ड्रोन



**नई दिल्ली :** रूस के कजान शहर में भीषण अटैक हुआ है, जिसने दुनिया को अमेरिका के इतिहास में हुए सबसे वीभत्स 9/11 हमले की याद दिला दी है। रूस के कजान शहर में सीरियल ड्रोन अटैक किए गए हैं। कजान शहर की हाई राइज इमारतों में 8 ड्रोन अटैक हुए हैं। हमले के कारण भारी नुकसान होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, रूस का कहना है कि उन्होंने एक ड्रोन को नष्ट कर दिया है। कजान की हाई राइज इमारतों में हुए यूएभी अटैक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। इनमें साफतौर पर नजर आ रहा है कि अलग-अलग दिशाओं से आ रहे किलर ड्रोन हवा में ही इमारतों से टकरा रहे हैं। ड्रोन के बिल्डिंग से टकराने के बाद बड़ा धमाका होता हुआ भी नजर आ रहा है। रूस ने इस हमले का आरोप सीधे यूक्रेन पर लगाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा है कि यह ड्रोन अटैक यूक्रेन की तरफ से किया गया था।



**कोलकाता :** 22 दिसम्बर, रविवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष सप्तमी, 14:34 तक, नक्षत्र : उत्तर फाल्गुनी, 33:02 तक, योग : आयुष्मान, 19:00 तक, सूर्योदय: 6:14, सूर्यास्त: 16:58 चन्द्रोदय : 23:27, चन्द्रास्त: 11:13, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 15:34 से 16:53

# साप्ताहिक : राशिफल
## 22-12-24 से 28-12-24



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक अपनी कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का दबाव जातक पर बना हुआ है लेकिन जातक अपनी सूझ-बूझ से उन चुनौतियों को कम करने में सफल हो सकता है। घर-परिवार में भी चुनौतियाँ बनी रह सकती है। खिलाड़ियों के लिए भी थोड़ा संघर्ष और चुनौतियों के साथ आगे बढ़ने का योग बन सकते है। व्यवसायिक दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला रहेगा।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक के कार्यों में थोड़ी चुनौतियाँ बन सकती है लेकिन जातक अपनी दूर-दृष्टि से चुनौतियो को कम करने में सफल हो सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है जो जातक के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है इसलिए सावधानी बनाये रखे। कई तरह की कार्य-योजनाओं को पटरी पर लाने में जातक को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। घर-परिवार में आपसी मत-भेद के कारण चुनौतियाँ बनी रह सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ देगा। जातक अपनी कई महत्व-पूर्ण कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। निरंतर सक्रियता जातक को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती है। घरेलू सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि हो सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। जातक की लोक-प्रियता में वृद्धि हो सकती है। प्रमोशन आदि का लाभ जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है। बाजार एवं शेयर मार्केट पूंजी निवेष करने पर लाभपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :**
इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। जातक की कार्य-योजनाओं में परेशानियाँ बढ़ सकती है। जिससे जातक दबाव महसूस कर सकता है। छोटी-छोटी बातों को लेकर जातक अनावश्यक मानसिक उलझन में आ सकता है इसलिए सावधानी बनाये रखे। व्यापार आदि में भी स्थितियाँ थोड़ी चुनौतिपूर्ण है इसलिए बाजार एवं शेयर मार्केट में सोच-समझकर पूंजी निवेष करे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो रही हो तो हनुमान जी की पूजा एवं शिव जी को जल देने से जातक को राहत मिल सकती है।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ देगा। थोड़ी भाग-दौड़ की स्थिति बन सकती है लेकिन भाग-दौड़ अनुकूल कार्यों में होगा। जिससे जातक को राहत मिल सकती है। सरकारी सेवा एवं समाज सेवा में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकती है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेष करने पर लाभपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेंगा यद्यपि जातक का मन उत्साहित रह सकता है। जातक के कई महत्वपूर्ण कार्यो में थोड़ी परेशानियाँ आ सकते है इसलिए सावधानी बनाये रखे। इस सप्ताह जातक अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे खाने-पीने में सावधानी बनाये रखे नही तो पेट संबंधित परेशानी का योग बन सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह मिला-जुला है इसलिए सोच-समझकर बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेष करे यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो अपाहिजों को काली वस्तुओं का दान करने से राहत मिल सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। भाग्य जातक का साथ देगा। घर-परिवार में आपसी सहयोग बढ़ सकता है। घर में कोई मगलिक कार्य संपन्न हो सकता है। घरेलू सुख-सुविधाओं वृद्धि हो सकती है। अच्छे मकान एवं वाहन का सुख जातक को मिल सकता है। प्रेम संबंधों में भी प्रगाढ़ता आ सकती है एक-दूसरे का विश्वास जीतने में जातक सफल हो सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। अनावश्यक तर्क-वितर्क से लड़ाई-झगड़े की स्थितियाँ बन सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। जातक अपनी सक्रियता एवं दूर-दृष्टि से चुनौतियों को थोड़ा कम करने में सफल हो सकता है। न्यायालय संबंधित चुनौतियाँ बढ़ सकती है इसलिए सावधानी बनाये रखे। खिलाड़ियों के लिए भी यह सप्ताह चुनौतिपूर्ण रहेगा। किसी खेल-प्रतिस्पर्धा में अच्छा प्रर्दशन न करने के कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल रहेगा। थोडी बहुत चुनौतियाँ बनी रह सकती है लेकिन जातक अपनी दूर-दृष्टि से उन चुनौतियों को कम करने में सफल हो सकता है। जातक इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण कार्यो का विस्तार करने में सफल हो सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। व्यवसायिक दृष्टि से भी सप्ताह लगभग अनुकूल है। बाजार एवं शेयक मार्केट में पूंजी निवेष करने पर लाभपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय लगभग अनुकूल बना रहेगा। घरेलू सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। मकान, वाहन खरीदने का योग बन सकता है। जातक अपनी कई महत्वपूर्ण कार्य-योजनाओं का विस्तार करने में सफल हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। घूमने-फिरने का अवसर जातक को मिल सकता है। देश-विदेश की यात्रा का भी योग बन सकता है। ईस्ट मित्रों का भी सहयोग जातक को मिल सकता है। घर में कोई मंगलिक कार्य संपन्न होने का योग बन सकता है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा यद्यपि शनि की शाढ़े शाती का प्रभाव बना हुआ है लेकिन जातक अनेक चुनौतियों को पार करता हुआ अपनी स्थिति मजबूत करने में सफल हो सकता है। निरंतर क्रियाशीलता और परिश्रम जातक को बड़े लक्ष्य की ओर ले जा सकता है। इस सप्ताह घूमने-फिरने एवं खर्च करने का भी योग बन सकता है लेकिन उचित कार्यों में खर्च होने से जातक आर्थिक दबाव कम महसूस कर सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :**
इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। अभी राहु एवं केतु अपना प्रभाव बनाये हुए है जिसके कारण निरंतर चुनौतियाँ बनी हुई है। शनि की चढ़ती शाढ़ेशाती भी जातक के कार्यो को उलझाये हुए है। जातक यदि अपनी सक्रियता बनाये रखेगा और निरंतर परिश्रम करता रहेगा तो चुनौतियों को कम करने में थोड़ा सफल हो सकता है। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी जातक के लिए चुनौती का कारण बने हुए है इसलए सावधानी बनाये़ रखे। वाहन आदि भी सावधानीपूर्वक चलाये नही तो चोट-चपेट लग सकती है।

# भारत करेगा आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी




**नयी दिल्ली :** भारत को अगले साल के जूनियर विश्व कप की मेजबानी का अधिकार दिया गया है जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। भोपाल में 2023 में सीनियर विश्व कप और इस साल की शुरुआत में सत्र के अंत में हुए विश्व कप फाइनल के बाद यह हाल के दिनों में देश का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जिससे दुनिया में खेल के शीर्ष स्थलों में से एक के रूप में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत होगी। हालांकि टूर्नामेंट की तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। एनआरएआई द्वारा आईएसएसएफ से आधिकारिक पुष्टि प्राप्त करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में मदद करने के तरीके की प्रशंसा की थी।'' उन्होंने कहा, ''हमें तब इसका अहसास हुआ था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ''एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद जल्द उनके साथ इसे साझा करेंगे ताकि सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें। '' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं।

# अय्यर के तूफानी शतक पर भारी पड़ी श्रीजीत की पारी, कर्नाटक ने मुंबई को हराया



**अहमदाबाद :** केएल श्रीजीत की नाबाद 150 रन की पारी ने श्रेयस अय्यर (नाबाद 114) के आकर्षक शतक की चमक फीकी कर दी जिससे कर्नाटक ने शनिवार को यहां मुंबई को सात विकेट से हराकर विजय हजारे एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप सी में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। श्रेयस ने 55 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और 10 छक्के लगाए। उनके अलावा आयुष म्हात्रे (78), हार्दिक तमोरे (84) और शिवम दुबे (नाबाद 63) ने अर्ध शतक जमाए जिससे मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट पर 382 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लेकिन श्रीजीत ने 101 गेंदों में 20 चौकों और चार छक्कों की मदद से 150 रन बनाए, जिससे कर्नाटक ने 3.4 ओवर शेष रहते हुए तीन विकेट पर 383 रन बनाकर जीत दर्ज की। श्रीजीत को केवी अनीश (82), प्रवीण दुबे (नाबाद 65) और कप्तान मयंक अग्रवाल (47) का अच्छा साथ मिला। जयपुर में खेले गए ग्रुप ए के एक मैच में बाएं हाथ के बल्लेबाज उत्कर्ष सिंह (82) और विराट सिंह (नाबाद 109) की शानदार पारियों की मदद से झारखंड ने असम को सात विकेट से हराया। असम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 257 रन बनाए थे।

## हेड अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, उन्हें रोकना मुश्किल: शास्त्री

**मेलबर्न :** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री का मानना है कि 'शॉर्ट बॉल' को जल्दी परखने की क्षमता ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड को बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में शानदार सफलता दिलाई है और साथ ही उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि मेहमान टीम इस 'सरदर्द' के लिए दवा ढूंढना चाहेगी। श्रृंखला की अपनी पहली पारी में 11 रन पर आउट होने के बाद हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं। उन्होंने गुलाबी गेंद के टेस्ट में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 1-1 से बराबरी हासिल की थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) समीक्षा में शास्त्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह (हेड) बहुत स्मार्ट है। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था लेकिन अब लगता है कि उनमें काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से वह जिस तरह 'शॉर्ट बॉल' को खेलते हैं। वह इसे छोड़ने के लिए तैयार रहते हैं।

## अजीतेश संधू ने एशियाई टूर कार्ड हासिल किया

**हुआ हिन :** अजीतेश संधू शनिवार को यहां फाइनल क्वालीफाइंग स्कूल में बोगी के बावजूद 2025 के लिए एशियाई टूर कार्ड हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय रहे। चंडीगढ़ का यह गोल्फर एक ओवर 72 के शॉट से संयुक्त 23वें स्थान पर रहा। शीर्ष 35 और संयुक्त रूप से इस स्थान पर रहने वाले गोल्फरों को 2025 के लिए खेलने का कार्ड मिलेगा। ये गोल्फर उनके साथ शामिल हो जायेंगे जिन्होंने 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से अपना कार्ड सुरक्षित रखा होगा।

# बाबा हरभजन सिंह मंदिर, नाथूला, सिक्किम

## हमारी अंजानी धरोहर-56



**डॉ. एस. के. सैनी**

30 अगस्त 1946 को पाकिस्तान के गुजरांवाला में सिख परिवार में एक बच्चे का जन्म हुआ उसका नाम रखा गया हरभजन। आजादी के बाद यह परिवार जालंधर के पास एक गांव में आकर के बस गया।

बच्चों ने पढ़ाई शुरू की। यह बालक हरभजन सिंह युवा होकर के भारतीय सेना में भर्ती हो गया। सेना की नौकरी आरंभ करने की तिथि थी 9 फरवरी 1966।

इनकी तैनाती हुई सिक्किम के पास नाथुला। इनको भारतीय सेना के अग्रिम चौकियों तक खच्चरों द्वारा रसद पानी पहुंचाने का काम दिया गया। समुद्र के सतह से 14000 फीट की ऊंचाई पर यह 4 अक्टूबर 1968 को रसद पहुंचाने के लिए रवाना हुए।



चलते-चलते इनका पर फैसला और यह सैकड़ों फीट गहरी नीचे खाई में गिर पड़े वहां एक नदी बह रही थी यह नदी के तेज प्रवाह में घायल होकर के गिरे और बहने लगे।

शाम को हरभजन सिंह वापस नहीं लौटे तो उनकी खोज शुरू हुई। 23 में पंजाब रेजीमेंट के जवान अपने इस बहादुर फौजी को रात भर ढूंढते रहे। कोई आता पता नहीं। थक हार कर वे वापस लोट पड़े।

6 अक्टूबर 1968 को यानी दो दिन बाद में एक जवान को सपना आया। जवान का नाम प्रीतम सिंह था। उसने सुबह अपने अफसर को बताया उस सपने के बारे में। प्रीतम सिंह ने बोला कि कल रात मेरे सपने मे हरभजन आये थे। बोल रहे थे कि अमुक जगह जाकर के ढूंढो मेरा शरीर वहां मिलेगा। जवान दौड़ पड़े और जाकर देखते हैं कि वास्तव में उनका शरीर वहीं पर है। पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका उनके पैतृक घर में अंतिम संस्कार किया गया। बाद में कुछ दिनों बाद एक और जवान सपने में हर भजन आए और बोले भारत चीन सीमा पर चीनी सैनिकों के घुसपैठ हो गई है जरा जाकर देखो। अफसर ने खबर की जांच करवाई तो सही पाए। अब तो बाबा की भविष्यवाणी और सपनासच होने लगा। भारतीय सेवा ने जवानों के सहयोग से बाबा हरभजन का एक मंदिर बनाया हर दिन वहां पर उनकी धुली हुई वर्दी रखी जाती। अपने प्रणाम किया जाता है। जब तक उनकी मां जिंदा रही उन्हें पेंशन मिलती रही

आज भी बाबा हरभजन सिंह भारतीय सेना के नाथुला के जवानों के बीच बहुत लोक प्रिय हैं। जो भी पर्यटक नाथुला जाते हैं वह बाबा हरभजन सिंह का मंदिर जाकर उन्हें प्रणाम करते हैं। भारतीय सेवा के जवान और अफसर भीउन्हें सलूट करते हैं। ये मंदिर अब हर जवान का तीर्थ स्थल है। कोई सोच भी नहीं सकता कि मर जाने

के बाद भी किसी की आत्मा देश हित में जागरूक रहती है। आज भी बाबा हरभजन समय-समय परवाह चीनी फौज की गतिविधियों की सूचना भारतीय जवानों को देते रहते हैं। ये मंदिर हमारी एक अद्भुत धरोहर है।

# क्रिसमस का उपहार



**डॉ.मंजरी शुक्ला**

जब से जेम्स ने अपने घर के सामने वाली दुकान पर एक बहुत ही खूबसूरत क्रिसमस ट्री देखा था वह दिन रात बस उसे खरीदने के लिए सपने देखा करता था उसे जब भी समय मिलता वह अपने कमरे की खिड़की पर खड़ा होकर सामने वाली दुकान पर रखें सभी क्रिसमस ट्री देखता रहता था।

हर साल की तरह इस बार भी क्रिसमस की तैयारियाँ जोरों शोरों से शुरू हो चुकी थी। आज रविवार था और जेम्स के पापा ने उसे चर्च ले जाने का वादा किया था।

चर्च में प्रार्थना करने के बाद पापा ने उसे क्रिसमस ट्री सजाने के लिए चाँदी की घंटियाँ दिलवाने का वायदा किया था जिन्हें खरीदने के लिए जेम्स करीब आठ महीने से जिद कर रहा था।

पापा के साथ बाजार जाने से पहले वह दादाजी के कमरे की ओर गया।

दादाजी के कमरे में जाकर वह रुआँसा हो गया क्योंकि हमेशा की तरह उसे बहुत सारा प्यार करने वाले दादाजी अब उस कमरे में नहीं रहते थे। जेम्स के पापा बहुत छोटी सी नौकरी करते थे। उसी से किसी तरह घर का गुजारा चलता था इसलिए कुछ महीनों पहले उन्होंने दादाजी को ओल्ड एज होम भेज दिया था।

जेम्स के पापा जानते थे कि वह अपने दादा जी को याद करके बहुत रोता है, पर वह भी मजबूर थे। आज दादाजी को घर से गए पूरे पाँच महीने हो गए थे। उनके जाने के बाद यह पहला क्रिसमस था इसलिए जैसे ही पापा ने जेम्स को चलने के लिए कहा वह दौड़ कर दादाजी के पुराने बेड की ओर गया और उसे प्यार से चूमा मानों दादा जी को प्यार कर रहा हो।



पापा के आवाज़ देने पर जब वह उठकर पापा के पास पहुंचा और उनका हाथ पकड़ा तो उसकी आंखें गीली थी। पापा समझ गए कि उसे दादाजी की याद आ रही है। जेम्स बार-बार क्रिसमस ट्री सजाने की बात करता और उसके पापा हर बार इस बात को बदलने की कोशिश कर रहे थे।

उनके पास महीनों से पैसे इकठ्ठा करने पर तो वह जेम्स के लिए क्रिसमस ट्री और चाँदी की घंटियाँ खरीदने के लिए पैसे जोड़े थे। इससे ज़्यादा वह खर्च नहीं कर सकते थे। पर यह सब बातें वह नन्हें जेम्स को कैसे समझाते इसीलिए उसकी बातों में मुस्कुराते हुए हां में हां मिलाते रहे।

बातें करते वे दोनों जब चर्च के अंदर पहुंचे उसके पापा ने उसे चुप रहने का इशारा किया और फिर वे बाकी लोगो के साथ प्रार्थना में शामिल हो गए। अचानक जेम्स की नजर अपने दादाजी पर पड़ी जो छड़ी के सहारे गेट से अंदर आ रहे थे। वह बार बार अपने चश्में को पोंछते ओर आगे बढ़ते।

जेम्स को याद आया कि एक बार दादाजी ने उससे कहा था कि अब इस चश्में से उन्हें ठीक से दिखाई नहीं देता और उन्होंने यह बात किसी से भी बताने को मना कर दी थी।

वह उनकी ओर बेतहाशा दौड़ा और उनसे जाकर लिपट गया।

रूंधे गले से जेम्स ने दादा जी से कहा -आपकी बहुत याद आ रही थी।

दादाजी उसको प्यार से चूमते हुए भरे गले से बोले- मैरी क्रिसमस बेटा, इस बार तो तुम मेरे बिना क्रिसमस मनाओगे।

यह कहते हुए उनकी आँखों में आँसूं आ गए और उन्होंने जेम्स को प्यार से सीने से लगा लिया।

थोड़ी देर बाद जेम्स पापा के पास आकर बैठ गया जो अभी भी आँखें मूंद कर प्रार्थना कर रहे थे।

प्रार्थना खत्म हुई तो उसके पापा उसका हाथ पकड़कर चर्च से बाहर निकल गए।

जेम्स ने भी उन्हें दादा जी से मिलने के बारे में कुछ नहीं बताया।

रास्ते में पापा ने उसे चुप देख कर हँसते हुए कहा-बेटा, आज तो तुम्हें बहुत खुश होना चाहिए। महीनों से तुम उस चांदी की घंटियों वाले क्रिसमस ट्री को खरीदने के लिए कह रहे थे और आज हम वही लेने जा रहे हैं।

नहीं पापा, मेरी तबीयत कुछ ठीक नहीं लग रही है। आप पहले घर चलिए।

ठीक है, पहले घर ही चलते हैं। कहते हुए उन्होंने जेम्स को गोद में उठा लिया

जेम्स सीधे जाकर दादाजी के पलंग पर लेट गया और सोचने लगा कि दादाजी को वापस अपने घर कैसे लेकर आए। दादाजी के साथ की हुई सभी बातों को याद करते हुए वह ना जाने कब सो गया।

वह सो कर उठा तो मम्मी बोली- चलो हम लोग जल्दी से तुम्हारा क्रिसमस ट्री ले आए।

जेम्स उठा और जोर जोर से रोते हुए अपने पापा के गले लग गया। उसके पापा एकदम से घबरा गए और पूछने लगे कि क्या हुआ,क्या हुआ?

जेम्स हिचकियाँ लेते हुए बोला- बिना दादाजी के क्रिसमस कैसे होगा? मेरे लिए मेरे दादा जी को ले आओ। मैं भी आपके साथ मिलकर काम करूंगा। पैसे कमाऊंगा। कम पैसों के कारण दादा जी को मैं अलग नहीं रहने दूंगा। उन्हें तो ठीक से दिखाई भी नहीं देता है। कहते हुए वह जोर जोर से रोने लगा

जेम्स के पापा और मम्मी सन्न रह गए। पापा तो बहुत देर तक उससे नज़र ही नहीं मिला पाए।

मम्मी भी बार बार साड़ी के पल्लू से अपनी आँ पोंछ रही थी।

पापा अचानक उठे और बोले-चलो बेटा, तुम्हारा क्रिसमस वाला गिफ्ट ले ले, फिर चलकर तुम्हारे दादा जी को घर लेकर आते हैं, हमेशा के लिए, जैसे भी होगा हम सब मिलकर रहेंगे।

यह सुनते ही जेम्स खुशी के मारे उनके गले से लग गया और बोला-नहीं पापा, उन पैसों से दादाजी का नया चश्मा लेंगे। क्रिसमस ट्री तो मैं अगले साल अगले साल लूंगा।

यह सुनकर उसे गले से लगा लिया और दोनों चल पड़े दादा जी को वापस लाने ...सामने दुकान पर क्रिसमस ट्री मुस्कुरा रहा था और चाँदी की घंटियों की खनखनाहट आ रही थी।

# वर्ग पहेली नं. 2953

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | 21 | 22 | | | ■ |
| | ■ | 23 | | 24 | ■ | | ■ | ■ | 25 |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) छतहीन; अनावृत; अप्रतिबंधित, 3) तैराना; मिस, 6) सम्पत्ति, 8) अर्थ, 9) घर, 11) देश, 12) इसलाम धर्म; करुणाजनक; निम्नवित्त, 13) शपथ, 14) जान लेना, 16) बिरियानी, 17) अंकुश, 18) सुबह, 19) विस्फोट, 20) मापना, 21) ठंडक, 23) कोशिश; जुगत; प्रयास, 26) तमाचा, 27) पचीस वर्ष; *सिल्वर जुबिली.*

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) चापलूस, 2) एक पेय, 3) शरीर, 4) अज्ञात, 5) आपसदारी; याता-यात, 6) प्राण, 7) ब्योरा; वृत्तांत, 10) उत्तरप्रदेश में एक शहर, 13) खातिरदारी, 14) संबंधी; नज़दीकी; सहोदर, 15) तत्काल, 17) मूल्य; क्षमता; प्रतिष्ठा, 18) शिव, 20) डोंगा; नौका, 22) पीड़ा-मुक्ति; निजात; छुटकारा, 23) आधार; मूल; कंद, 24) पुंल्लिंगीय, 25) बेटाबेटी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | मी | ■ | अ | सं | भ | व | ■ | बे | ड़ी |
| का | ■ | क | र्क | ■ | य | ■ | द्रो | ह | ■ |
| म | जा | ल | ■ | बे | दा | ग़ | ■ | द | मा |
| या | ■ | ह | ठ | ■ | य | म | ल | ■ | ला |
| बी | ट | ■ | म | ह | क | ■ | ज्जि | ■ | मा |
| ■ | ना | वि | क | ■ | ■ | ग | त | का | ल |
| ■ | ट | ■ | ना | ग | वा | र | ■ | र | ■ |
| ज | न | ना | ■ | र | ■ | द | बं | ग | ता |
| म्मू | ■ | ना | मु | म | कि | न | ■ | र | ज़ा |

# सुडोकू-पहेली-2913

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 2 | | 5 | | | | |
| 4 | | | | | | | 1 | |
| | | | | | | | | |
| 1 | 9 | | | | | | | |
| | | | 8 | 2 | | | | |
| | 7 | | | | | | | |
| | | 3 | | | | 7 | | 6 |
| | | | 4 | | | 3 | | |
| | | | 1 | | 9 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2912 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 1 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 8 | 7 | 2 | 1 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 9 | 1 | 3 | 8 | 6 |

# कोलकाता एयरपोर्ट के शताब्दी समारोह का नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में शनिवार को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजारापु ने शताब्दी समारोह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोला, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव वुमलुंगमंग वल्नम, एएआई के अध्यक्ष विपिन कुमार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय एवं हवाई अड्डा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह भारतीय उड्डयन इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अपने 100 वर्षों की सेवा का जश्न मना रहा है। यह हवाई अड्डा एक ऐतिहासिक स्थल है, जो स्वतंत्रता पूर्व की एक शानदार धरोहर है और नागरिक उड्डयन क्षेत्र की प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि, यह हमारे लिए गर्व का क्षण है, जहां हम अपने राष्ट्र द्वारा बनाई गई धरोहर को आगे बढ़ा रहे हैं और भविष्य की उपलब्धियों के लिए प्रेरणा ले रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री हमेशा कहते हैं 'विकास भी, विरासत भी', यही इस समारोह का संदेश है। मंत्री ने यह भी कहा, पिछले दस वर्षों में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में जो विस्तार हुआ है, एयरलाइंस की क्षमता बढ़ी है और मालवाहन संचालन में वृद्धि हुई है, वह हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुआ है। अब हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े घरेलू उड्डयन हब के रूप में उभरे हैं। हमें इसे और आगे बढ़ाना है और दुनिया में सबसे बड़ा घरेलू हब बनने का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने उडान योजना के प्रभाव को भी उजागर करते हुए कहा, उडान योजना ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। पिछले आठ वर्षों में हमने 600 से अधिक उड़ानें शुरू की हैं, जिससे करोड़ों लोगों को यात्रा करने का अवसर मिला है।

## उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन: कोलकाता हवाई अड्डे पर मिलेगा 10 रूपये में चाय और 10 रूपये में पानी की बोतल




कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया गया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किनजारापु और केंद्रीय राज्य मंत्री, नागरिक उड्डयन और सहकारिता, मुरलीधर मोहोला ने इस कैफे का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन कार्यक्रम कोलकाता हवाई अड्डे के शताब्दी समारोह का हिस्सा था। यह कैफे ट्रैवल फूड सर्विसेज द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो यात्रियों के लिए विभिन्न स्नैक्स, मिठाइयां और पेय पदार्थों का स्वादिष्ट चयन प्रदान करता है। विशेष रूप से यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह कैफे बजट फ्रेंडली कीमतों पर गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराता है। यह कैफे हवाई अड्डे पर यात्रा करने वाले लोगों की ताजगी बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बन जाएगा।

## महानगर सहित राज्य के कई जिलों में हुई बिन मौसम की बारिश



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल में बिन मौसम की बारिश से शनिवार को खाते-पीते लोगों के लिए मौसम खुशगवार बन गया। वहीं, महानगर कोलकाता में ही तमाम ऐसे लोग थे जिनके लिए उक्त हालात ने एक दिन की रोजी-रोजी छीन ली। महानगर कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के जिलों में बूंदाबांदी हुई। वहीं, कई जिलों में हल्की बारिश हुई। अलीपुर मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि बारिश के बाद रात के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। हालांकि, यह ठंड लंबे समय तक नहीं टिकेगी। रविवार से फिर से तापमान बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर बने निम्न दबाव के कारण दक्षिण बंगाल में यह मौसम बदलाव हुआ है। मछुआरों को अगले 24 घंटों तक पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और इससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में समुद्र में जाने से मना किया गया है। दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में आज बारिश के साथ-साथ हल्के कोहरे की स्थिति रही। इस कारण दृश्यता 50 मीटर तक घटी है। इसके लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। रविवार से अगले शुक्रवार तक दक्षिण बंगाल का मौसम शुष्क रहेगा। रविवार और सोमवार को फिर दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसके बाद, गंगा के मैदानी इलाकों में अगले दो दिनों तक रात के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। इस मौसम परिवर्तन को देखते हुए नागरिकों को सावधानी बरतने और मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की सलाह दी गई है।

## 'ज्योतिप्रिय मल्लिक भ्रष्टाचार का गंगासागर'

### राशन घोटाला मामले में ईडी ने जमानत का किया विरोध



**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन भ्रष्टाचार मामले में ज्योतिप्रिय मल्लिक की जमानत का विरोध करते हुए ईडी ने कोर्ट में एक के बाद एक विस्फोटक विशेषणों का इस्तेमाल किया। केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील ने कभी उन्हें 'रिंग मास्टर' कहा, तो कभी 'भ्रष्टाचार का गंगासागर'। शनिवार को ईडी की विशेष अदालत में ज्योतिप्रिय मल्लिक की जमानत पर सुनवाई के दौरान उनके वकील ने लगभग कोई जवाब नहीं दिया क्योंकि उन पर जांचकर्ताओं ने हमला किया था। कोर्ट में बोलते हुए ईडी के वकील ने कहा कि अगर इस भ्रष्टाचार को विहंगम दृष्टि से देखा जाए तो पता चलेगा कि ज्योतिप्रिय 'गंगा सागर' हैं। जैसे ही गंगा, भागीरथी और अन्य शाखाएं गंगासागर में विलीन होती हैं, भ्रष्टाचार की ये सभी धाराएं ज्योतिप्रिया में एकत्रित हो जाती हैं। चावल की बिक्री से लेकर गेहूं की बिक्री, राशन भ्रष्टाचार - सारा पैसा उनके हाथ में आ गया। उनके द्वारा संचालित तीन कंपनियां सबसे ज्यादा मुनाफे में रही हैं। उन तीन संगठनों में फिर उनके लोग बैठते हैं। उनके जान-पहचान के लोगों के यहां भी खाते खोले गए। ईडी के वकील ने आगे दावा किया कि ज्योतिप्रिय राशन भ्रष्टाचार मामले में मुख्य साजिशकर्ता थीं। वह रिंग मास्टर है। उन्होंने पीछे से भ्रष्टाचार को नियंत्रित किया। वह उस दौरान सत्ता में थे, जिस दौरान राशन वितरण में भ्रष्टाचार हुआ था। वह खाद्य मंत्री थे। तो ज्योतिप्रियो ने प्रभाव फैलाकर कई काम किए। बाद में ईडी के वकील ने पूछा कि खुदाई करते वक्त केंचुआ निकला। राशन भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मंत्री को दो साल की जेल हो गई । उनकी गिरफ्तारी के बाद कई लोग फिलहाल जमानत पर रिहा हैं इसलिए ज्योतिप्रियो भी जमानत चाहते है। हालांकि, शनिवार को जिस तरह से ईडी ने कोर्ट में उनके भ्रष्टाचार का खुलासा किया, उससे माना जा रहा है कि जमानत की राह और जटिल हो गई है।

## क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में हर दिन वेबसाइट पर कम से कम 7 फर्जी दस्तावेज हो रहे अपलोड

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट बनाने का असली राज क्षेत्रीय कार्यालय में छिपा है। न केवल निचले स्तर के पुलिस कर्मचारियों का एक वर्ग, बल्कि उस कार्यालय के कर्मचारी भी हर दिन पांच-सात फर्जी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करते हैं। जांचकर्ताओं का दावा है कि असली हेरफेर सत्यापन चरण में ही हुआ था। बांग्लादेश में अशांत हालात के बीच देशभर में फर्जी पासपोर्ट पकड़ने का अभियान चल रहा है। केंद्र-राज्य जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई। राज्य के उत्तर और दक्षिण 24 परगना, नदिया में लगातार ऑपरेशन चल रहा है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ती है, यह स्पष्ट हो जाता है कि नकली पासपोर्ट के उत्पादन के लिए न केवल डीआईबी कार्यालय के पुलिसकर्मी, बल्कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय की खामियां भी जिम्मेदार हैं। यह जासूसों की नजरों में खटास है। नियम के मुताबिक, पासपोर्ट सेवा केंद्र पर दस्तावेज अपलोड करने से पहले सत्यापन किया जाता है। फिर यह पासपोर्ट कार्यालय जाता है, जहां दो बार सत्यापन किया जाता है। इस जांच के बाद दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाते हैं। फिर सत्यापन को पुलिस सत्यापन के लिए आरपीओ या क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को भेजा जाता है। पुलिस रिपोर्ट भेजने के बाद अंततः सूचना पोर्टल पर अपलोड कर देती है। जांच टीम का मानना है कि पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड करने में भी बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई है। भारी रकम के बदले डेटा अपलोड में धांधली की गई है। कथित तौर पर पांच से सात फर्जी दस्तावेज बिना सत्यापन के पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाते हैं। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय का एक अनुभाग इससे जुड़ा हुआ है। फर्जीवाड़े की तह तक जाने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के पिछले कुछ महीनों के डेटा की जांच की जा रही है।

## हिरासत में नहीं रखना चाहती सीबीआई, कालीघाट के काकू को जेल हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** भर्ती भ्रष्टाचार मामले के आरोपी सुजयकृष्ण भद्र उर्फ 'कालीघाट के काकू' ने सीबीआई हिरासत के दौरान खाना बंद कर दिया। वह दवा भी नहीं लेना चाहते। उन्हें ब्लड शुगर की समस्या है। यह बात केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील ने शनिवार को कोर्ट में कही। ऐसे में सीबीआई उन्हें हिरासत में नहीं लेना चाहती। बता दें कि बीते मंगलवार की देर रात सीबीआई ने सुजयकृष्ण को अपनी हिरासत में ले लिया था। उनकी सीबीआई हिरासत शनिवार को समाप्त हो गई थी। इस दिन, विचार भवन में सुजयकृष्ण का मामला फिर उठा। इस दिन, सीबीआई ने सुजयकृष्ण को दोबारा अपनी हिरासत में लेने की अर्जी नहीं दी। केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील ने उन्हें जेल हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। दूसरी ओर, सुजयकृष्ण के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत मांगी। हालांकि, जज ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। फिलहाल, कालीघाट के काकू को जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया है। हालांकि, सीबीआई के वकील ने दावा किया कि हिरासत में रहते हुए सुजयकृष्ण असहयोग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सीबीआई हिरासत में रहते हुए सुजयकृष्ण ने खाना बंद कर दिया और उपवास करना शुरू कर दिया। वह दवा नहीं लेना चाहते हैं। रक्त शर्करा की समस्या उत्पन्न हो गई है। ऐसे में सीबीआई का मानना है कि हो सकता है कि वह बीमार पड़ गए हों। केंद्रीय जांच एजेंसी के वकील के मुताबिक, सुजय 'मेडिकल इमरजेंसी' पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। सुजय के बारे में सीबीआई वकील ने यह भी कहा कि वे राजनीतिक लोग हैं और जानते हैं कि उपवास से कई समस्याओं का समाधान होता है। ऐसे में जांच एजेंसी के वकील ने कोर्ट से कहा कि सीबीआई नई कस्टडी नहीं लेना चाहती है। हालांकि, काकू के वकील के मुताबिक, अगर उन्हें जमानत मिलती है तो वह दालभात खाएंगे। जांच एजेंसी का आरोप है कि उन्होंने सीबीआई हिरासत में रहते हुए पूछताछ में मदद नहीं की। सीबीआई का दावा है कि पूछताछ के दौरान उन्होंने नौकरी दिलाने वालों के नाम और उनसे कितने पैसे लिए थे, इस बारे में कुछ नहीं बताया। सरकारी अधिकारियों का भी नाम नहीं लिया जा रहा है। सीबीआई ने यह भी आरोप लगाया कि सुजय भ्रामक जानकारी दे रहे हैं।

ESTD. 2000
HOWRAH WELFARE TRUST
हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट
पी-145, बनारस रोड (बिराडिंगी), हावड़ा-8
गंगासागर तीर्थयात्री सेवा-शिविर
दिनांक 11 जनवरी से 15 जनवरी 2025
आवास, चाय, भोजन, पेयजल, बच्चों के लिए दूध, प्राथमिक चिकित्सा का निःशुल्क प्रबंध
स्थान : राधा कुंज सड़क नं. 5, सागरद्वीप, द. 24 परगना
इस निमित्त आप अपना सहयोग HOWRAH WELFARE TRUST के नाम से चेक/ड्राफ्ट/नकद राशि द्वारा ट्रस्ट कार्यालय में प्रेषित करें या ICICI BANK में A/c. No. 160601002588, IFSC CODE. ICIC0001606 में जमा करें।
दिया गया अनुदान आयकर की धारा 80G के तहत कर मुक्त है।
Scan & Pay
सहयोग संग्रह करवाने की भी व्यवस्था है। सम्पर्क करें :-
सत्यनारायण खेतान : 9830163855
अशोक अग्रवाल 9830083921
अशोक गोयल 9831150193
विजय गोयल 9830125759

।। नमो राघवाय ।। ।। श्री राधाकृष्णाभ्या नमः ।। ।। नमो राघवाय ।।
श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव
कथा व्यास
रामानन्दाचार्य स्वामी
श्री रामभद्राचार्य जी के चरणाश्रित
तारकेश्वर भाई श्री
सत्कर्म ज्ञान यज्ञ समिति

कार्यक्रम
भव्य कलश शोभायात्रा
दिनांक 22, दिसम्बर 2024
समय प्रातः 9.30 बजे
स्थान राधाकृष्ण मन्दिर, श्यामसुन्दर तल्ला
कथा सोपान
प्रतिदिन सायं 3 से 7 बजे तक
सुखदेवजी आगमन, बावन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रूक्मणी विवाह
सुदामा चरित्र, भागवत सार
।। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव ।।
का आयोजन सत्कर्म ज्ञान यज्ञ समिति के समस्त परम स्नेही भागवत प्रेमी स्वजनों के भक्तिपूर्ण भावना के शुभ संकल्पित है, आप सभी भक्तों का सादर आमंत्रण
कथा स्थल
रामकृष्ण मंच
(स्वामी विवेकानन्द जन्म स्थल)
105, विवेकानन्द रोड, कोलकाता - 700006
दिनांक 22 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2024 तक
समय सांय 3 बजे से रात्रि 7 बजे तक
विनीत
सत्कर्म ज्ञान यज्ञ समिति

मुख्य संरक्षक श्रीमान भागवत दास जायसवाल
संरक्षक श्रीमान रामचंन्द्र जायसवाल
अध्यक्ष श्रीमान रामचन्द्र गनेरीवाल
संयोजक श्रीमती बबीता जायसवाल, श्रीमान उमेश जायसवाल
सचिव श्रीमान अखिलेश जायसवाल
संयुक्त सचिव श्रीमती ममता सिहं
सह सचिव श्रीमती अलका जायसवाल
मुख्य यजमान श्रीमान दिनेश जायसवाल
कोषाध्यक्ष श्रीमान संजय जायसवाल, श्रीमान जयप्रकाश जायसवाल
प्रचार विभाग श्रीमान बैधनाथ जायसवाल, श्रीमान मनोज जायसवाल
प्रसाद विभाग विक्की जायसवाल, प्रवीर जायसवाल, आदित्य जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, अंत्रिक्ष जायसवाल

सहयोगी संस्था
* ओम व्यवसायिक संघ
* कलकत्ता काँवड समिति
* श्री सहस्रार्जुन जयन्ती समारोह समिति
* ठनठनियाँ युवक संघ
* मानिकतल्ला चालता बगान लोहापट्टी दुर्गा कमिटि
* मोती मार्केट व्यवसायिक समिति
* अखिल भारतीय जायसवाल युवा मंच
* शिव पार्वती जन कल्याण समिति
* जागृति मेटल
* श्री सिद्धेश्वर शिव समाज संघ
* एकता प्रगति संघ
* जन सेवा संघ समिति
* आओ साँई कोलकाता
* श्री साँई सत्यंघ महिला समिति
* साँई संस्कार परिवार
* जयश्री श्याम सेवा समिति
* डी बी फाउंडेशन
* नन्हे सिपाही प्रगति फाउंडेशन

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के प्रयास में उम्रकैद, चंदननगर कोर्ट ने सुनाई सजा

**हुगली, समाज्ञा :** नाबालिग को बाइक पर ले जाकर रेप की कोशिश की गई। उसके बाद गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। आरोपियों ने सोचा कि वह मर गया है और उसे हाइड्रेंट में छोड़ दिया। दो दिन बाद स्थानीय लोगों ने नाबालिग को बचाया। 2021 की सनसनीखेज घटना में आरोपी पार्थ चौधरी को दोषी पाया गया। चंदननगर कोर्ट ने शनिवार को शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नाबालिग पार्थ चौधरी का पूर्व परिचित है। कथित तौर पर शादीशुदा पार्थ कभी-कभी नाबालिग पर उसके साथ संबंध बनाने के लिए दबाव डालता था। वह अक्सर नाबालिग को छेड़ता था। 15 जून 2021 को एक पंद्रह वर्षीय लड़की अपना मोबाइल फोन रिचार्ज कराने के लिए बाहर गई थी। तभी पार्थ उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर ले गया। वह उसे चंदननगर के एक सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ बलात्कार करने की कोशिश की। जब उसे रोका गया तो उसने नाबालिग के गले में दुपट्टा डालकर उसका गला घोंटने की कोशिश की। घटना में नाबालिग बेहोश हो गई। उन्होंने मान लिया कि नाबालिग मर चुकी है। शख्स ने नाबालिग को उठाकर नाले में फेंक दिया और भाग गया। बच्ची को घर नहीं लौटते देख परिजनों ने खोजबीन शुरू की। भद्रेश्वर थाने को भी सूचित किया गया।घटना के 48 घंटे बाद नाबालिग को घायल अवस्था में नाले से निकाला गया. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। थोड़ा होश में आने के बाद नाबालिग



ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर आरोपी पार्थ चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ रेप की कोशिश, हत्या की कोशिश, अपहरण जैसे मामले दर्ज किए गए थे। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश मानवेंद्र सरकार ने चंदननगर अदालत में मामले की सुनवाई की। जानकारी और सबूतों के आधार पर व्यक्ति को दोषी ठहराया गया। आज न्यायाधीश ने दोषी को आजीवन कठोर कारावास की सजा देने का आदेश दिया।

## डेबरा में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी को बीस साल की सजा

**पश्चिम मेदिनीपुर :** दुष्कर्म की घटना में अदालत ने आरोपी को दोषी पाया। नाबालिग से दुष्कर्म मामले में मेदिनीपुर कोर्ट ने दो साल के अंदर ही आरोपी को दोषी करार दे दिया। इतना ही नहीं बीस साल सजा का ऐलान भी कर दिया गया। अप्रैल 2022 में पश्चिम मेदिनीपुर के डेबरा थाना क्षेत्र में पड़ोसी पर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप लगा। घटना के वक्त नाबालिग घर पर अकेली थी। इसके बाद जब थाने में शिकायत दर्ज कराई गई तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तभी से जेल में था। शुक्रवार को विशेष अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया। वहीं शनिवार को आरोपी को सजा सुनाई गई। जब आरोपी युवक को अदालत में लाया गया, तो न्यायाधीश ने बीस साल की कैद और पचास हजार रूपए का जुर्माना लगाने का आदेश दिया। यदि जुर्माना नहीं दिया गया, तो न्यायाधीश ने छह महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा का आदेश दिया। वहीं, नाबालिग पीड़िता को पांच हजार रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## मौसुनी द्वीप में भीषण आगजनी, 11 कॉटेज खाक

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के नामखाना के मौसुनी द्वीप पर स्थित एक पर्यटक रिसॉर्ट में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने शनिवार की सुबह रिसॉर्ट के एक कॉटेज में आग देखी। इससे पहले कि कुछ किया जा सके, आग पूरी कॉटेज में फैल गई। उक्त घटना के बाद इसके बाद आग से बचने के लिए पर्यटक जल्दी-जल्दी अपना जरूरी सामान लेकर कॉटेज से बाहर निकल गए। देखते ही देखते आग की तेज लपटों ने पूरे कॉटेज को अपनी चपेट में ले लिया। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, मौसुनी द्वीप के कई कॉटेज में आग बुझाने के उपकरण या आग बुझाने की कोई व्यवस्था नहीं है। कुछ ही देर में पूरी कॉटेज जलकर खाक हो गई। हालांकि, पता चला है कि उस रिसॉर्ट में कोई पर्यटक नहीं था।

# मंदारमणि के होटल में तृणमूल नेता की रहस्यमय मौत, महिला गिरफ्तार

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मंदारमनी के एक होटल में एक तृणमूल नेता का फंदे से लटकता हुआ शव पाए जाने से हड़कंप मच गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम अबुल नासर था। वह आमदाबाद ग्राम पंचायत के उपप्रधान के पति थे। होटल अधिकारियों के मुताबिक, अबुल नासर दो महिलाओं और एक युवक के साथ शुक्रवार को मंदारमणि स्थित होटल में पहुंचा। उस शाम सभी ने एक महिला को होटल से निकलते देखा। बाद में, होटल स्टाफ कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुआ। होटल कर्मियों ने उप प्रमुख के पति को फंदे से लटका पाया। सूचना पाकर मंदारमणि तटीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए कांथी महकमा अस्पताल भेज दिया गया है। मंदारमणि में होटल अधिकारियों ने शनिवार की सुबह परिवार को अबुल की मौत की जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तृणमूल नेता के साथ दो महिलाओं में से एक उसकी प्रेमिका है। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। तृणमूल नेता की हत्या हुई या उन्होंने आत्महत्या की, यह स्पष्ट नहीं है। इस मौत के पीछे कोई राजनीतिक साजिश है या नहीं यह भी जांच का विषय है। मारे गए तृणमूल नेता के एक परिचित के अनुसार, अबुल नासर पेशे से एक व्यवसायी था। उधारी का पैसा लेने जाने के नाम पर घर से निकले। उनका दावा है कि इस मौत के पीछे व्यापारिक विवाद है। हालांकि, तृणमूल नेता के परिचित का दावा है कि वह उस गर्लफ्रेंड के बारे में कुछ नहीं जानता।

## एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने 21 जनवरी को कोलकाता में महा-रैली का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य समिति के एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ और आरजीकर अस्पताल प्रकरण में अभया को न्याय दिलाने की मांग पर अगले वर्ष 21 जनवरी को कोलकाता में महारैली का आह्वान किया है। शुक्रवार को कोलकाता में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस आंदोलन की विस्तृत जानकारी दी गई। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के नेतृत्व में यह ममता बनर्जी सरकार और केंद्र की नीतियों के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन होगा। 21 जनवरी को लेनिन स्मरण दिवस के अवसर पर यह रैली हेदुआ पार्क से शुरू होकर धर्मतला स्थित रानी रासमणि रोड तक जाएगा। दोपहर में रैली की शुरुआत होगी, जिसमें विभिन्न स्तरों के लोगों से शामिल होने की अपील की गई है। पार्टी के सचिव चंडीदास ने बताया कि राज्य में न्याय की मांग को लेकर जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस महा-रैली में डॉक्टरों, महिलाओं और आम जनता की बड़ी भागीदारी होगी। उनका कहना था कि यह आंदोलन न्याय और जनहित के लिए लड़ाई को और तेज करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कल से विधानसभा में वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी

कोलकाता, समाज्ञा : बंगाल विधानसभा परिसर में वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी-2024 का 23 दिसंबर से शुभारंभ होगा, जो 26 दिसंबर तक चलेगा। राज्य के सूचना व संस्कृति विभाग की ओर से शनिवार को एक विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी 23 दिसंबर, सोमवार को दोपहर 2.30 बजे इस पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। बयान में बताया गया कि विधानसभा सचिवालय की ओर से कलकत्ता पुष्प उत्पादक संघ के सहयोग से आयोजित होने वाली यह प्रदर्शनी उद्घाटन के बाद सोमवार को शाम 8 बजे तक तथा अन्य दिनों में दोपहर 12 बजे से शाम 8 बजे तक आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

## रेलवे लाइन के किनारे से सिविक वॉलंटियर का शव बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा-बर्दवान कॉर्ड शाखा में धो-नेखाली हाल्ट रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन के किनारे शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। रेलवे पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक का नाम प्रोसेनजीत मंडल (32) था। वह गुड़ाप के पलाशी इलाके के रहने वाला हैं। प्रसेनजीत मंडल कोलकाता पुलिस के सिविक वॉलंटियर के रूप में कार्यरत था। रेलवे पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। स्थानीय लोगों का मानना है कि युवक की हत्या कर उसके शव को रेलवे लाइन के किनारे फेंका गया है। हालांकि, कुछ लोग इस घटना को आत्महत्या भी बता रहे हैं।

## नदिया में संपत्ति विवाद में छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

कोलकाता, समाज्ञा : मां की सम्पत्ति उसके नाम लिखी जाए। इस मुद्दे को लेकर दो भाइयों के विवाद ने एक को मौत के घाट उतार दिया जबकि दूसरे को हत्यारा बना दिया । बप्पा मंडल नामक युवक इसके लिए मां पर दबाव बना रहा था। भाई को आने पर उसने अपने भाई के सिर पर वार कर हत्या कर दी। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना नादिया के होगलबेरिया के अर्तपुरा के हरिपुर गांव में घटी। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृतक का नाम बापन मंडल (32) है। बप्पा और बापन मंडल परिवार मां के साथ हरिपुर गांव में एक ही घर में रहते थे। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। कुछ दिन पहले मां ने दोनों भाइयों के बीच जमीन-जायदाद का बंटवारा कर दिया था। थोड़ी सी ज़मीन मां के नाम थी। लेकिन बप्पा मंडल अक्सर मां पर दबाव डालते थे कि वह जमीन उनके नाम पर लिख दे। शुक्रवार शाम के बाद भी बुजुर्ग मां पर इसी तरह संपत्ति लिखने का दबाव बनाया गया। पेशे से ट्यूटर भाई बापन मंडल उस समय घर लौट आए। घटना को देखकर उन्होंने कड़ा विरोध जताया। उसने अपने भाई को वहां से हटाने की कोशिश की। इसके बाद दोनों भाइयों के बीच काफी विवाद शुरू हो गया। तभी बप्पा ने बपन मंडल के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। पत्नी पति को बचाने के लिए दौड़ी। उसी डंडे से उसके सिर पर भी वार किया गया। उसका सिर भी फट गया। दोनों पति-पत्नी को बचा लिया गया और पहले करीमपुर अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत बिगड़ने पर रात में ही शक्तिनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बपन मंडल की शनिवार सुबह मौत हो गई। उनकी पत्नी की शारीरिक स्थिति भी चिंताजनक है। भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## डानकुनी में युवक का रक्तरंजित शव मिला, हत्या की आशंका

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में डानकुनी थानांतर्गत बामुनारी इलाके में एक तालाब में शुक्रवार को एक युवक का रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद डानकुनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीरामपुर वाल्श अस्पताल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। घटनास्थल पर खून के धब्बे और हाथापाई के निशान मिले हैं। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि युवक की हत्या की गई है। बहरहाल, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही युवक के मौत के सटीक कारणों का खुलासा हो पायेगा।

# राहुल गांधी के साथ संसद में जो हुआ उसके सारे सबूत है : अधीर चौधरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** संसद परिसर में हुए धक्का-मुक्की प्रकरण पर राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ जो हुआ उसके सारे सबूत हैं। भाजपा अमित शाह द्वारा आंबेडकर के खिलाफ दिए गए घृणित बयानों से बचने और मुद्दे को भटकाने का प्रयास कर रही है। उनकी यह पुरानी आदत है। वीडियो में आप साफ देख सकते हैं कि राहुल गांधी के साथ क्या हुआ। एक सांसद को संसद में जाने से भाजपा नहीं रोक सकती। इनके नेता नौटंकी करते रहते हैं। इस मामले की छानबीन होनी चाहिए। बांग्लादेश में पिछले दो-तीन दिनों में हिंदू मंदिरों को तोड़े जाने पर कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि चरमपंथियों द्वारा मंदिरों और चर्चों पर हमले किए जा रहे हैं और इसमें बढ़ोतरी हो रही है। जो हो रहा है, वो बिल्कुल गलत है। वहां के हालात चिंताजनक हैं। वहां की सरकार को तत्काल कदम उठाना चाहिए। वहां के चरमपंथियों को अगर खुली छूट दी गई, तो बांग्लादेश को अफगानिस्तान बनने में देर नहीं लगेगा। उन्होंने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल अपराधियों के लिए स्वर्ग बन गया है। बंगाल में कोई प्रशासन नहीं है और मौजूदा सरकार सभी मोर्चे पर फेल है। यह सरकार आम लोगों के साथ न्याय नहीं कर पा रही है इसलिए न्याय का गुहार लगाते हुए डॉक्टर आंदोलन कर रहे हैं।

# सीबीआई पर भरोसा नहीं, बेलेघाटा के मृत भाजपा कार्यकर्ता के परिवार ने किया दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अभया के माता-पिता के बाद मारे गए बेलेघाटा अभिजीत सरकार के परिवार ने भी सीबीआई पर भरोसा नहीं जताया है। उन्होंने कहा कि सीबीआई कुछ नहीं कर रही है। सभी अपराधियों को बरी कर दिया गया है। यह मामला तीन साल से चल रहा है। सीबीआई ने कुछ नहीं किया। वे हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाने की सोच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 2021 में, बेलेघाटा के भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार की हत्या कर दी गई। इस हत्या के बाद प्रदेश भाजपा ने चुनावी आतंकवाद का आरोप लगाया था। प्रदेश भाजपा सीबीआई की मांग को लेकर कोर्ट गई। कोर्ट ने सीबीआई को जांच शुरू करने का आदेश दिया। अभिजीत के परिवार ने राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी का समर्थन किया। भाजपा के केंद्रीय नेता अभिजीत के घर गए। यहां तक कि केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी कोलकाता आए और बेलेघाटा स्थित अभिजीत सरकार के घर गए और उनकी मां को हर तरह की मदद का वादा किया। भाजपा की ओर से परिवार को कई लाख रुपये दिए गए। यह ऐसे ही चलता रहता है लेकिन जांच आगे नहीं बढ़ पाई। इस घटना में गिरफ्तार लोगों को रिहा कर दिया गया। नाराज परिवार की ओर से अभिजीत के दादा विश्वजीत सरकार ने शनिवार को कहा कि उनके परिवार को अब सीबीआई पर भरोसा नहीं है। इसलिए वे अब सीबीआई की लापरवाही के खिलाफ हाई कोर्ट जा रहे हैं।

# बंगाल सरकार को एमएसएमई सेक्टर 2024-25 में 1.53 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य पार करने की उम्मीद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए 1.53 लाख करोड़ रुपये के क्रेडिट लक्ष्य को पार करने का भरोसा जताया है। यह लक्ष्य पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जब इस क्षेत्र को 1.42 लाख करोड़ रुपये का क्रेडिट मिला था। एक अधिकारी ने जानकारी दी कि चालू वित्तीय वर्ष के पहले दो तिमाहियों में ही इस लक्ष्य का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए क्रेडिट प्रवाह भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एसएचजी के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है, जबकि पिछले वर्ष 25 हजार करोड़ रुपये का लक्ष्य हासिल किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य की 12.14 लाख एसएचजी समूह आर्थिक विकास और मांग सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर कॉर्पोरेट करों में कटौती के बावजूद निजी क्षेत्र के निवेश अपेक्षित स्तर पर नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य का पूंजीगत व्यय भी तेजी से बढ़ा है, जो 2010-11 में दो हजार 226 करोड़ रुपये था और 2024-25 में बजट के अनुसार 35,865.55 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। विशेष रूप से पूर्वी भारत, जिसमें बंगाल शामिल है, अपनी नीति पहलों के कारण तेज गति से विकास के लिए तैयार है। वर्तमान में, दक्षिणी और पश्चिमी राज्य देश की जीडीपी में क्रमशः 31 प्रतिशत और 22 प्रतिशत का यो-गदान करते हैं, लेकिन पूर्वी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

## शहर में आज

❑ **सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) :** खिचड़ी वितरण सुबह 8.15 से 9 तक और मारवाड़ी विवाह योग्य युवक-युवती के मंगल मिलन सेवा सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक, स्थान- 1-ए, आशुतोष दे लेन, कोलकाता।
❑ **श्री जैन श्वेताम्बर पंचायती मन्दिर :** वार्षिक सभा, सुबह 11 बजे, स्थान- 140 कॉटन स्ट्रीट, कोलकाता।

# नैहाटी की 'बड़ो मां' के नाम पर धोखाधड़ी में एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** नैहाटी की 'बड़ो मां' (काली माता) के नाम पर पोर्टल खोलकर लोगों से आर्थिक धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति सुरजीत कुंडू को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त पर 'बड़ो मां' के दर्शन उनके भक्तों को सहज करवाने से लेकर विशेष पूजा पाठ के नाम पर सुरजीत कुंडू ने श्रद्धालुओं से काफी धन ऐंठें। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सुरजीत ने देश के प्रमुख मंदिरों में पूजा-अर्चना करवाने के नाम पर एक पोर्टल खोला था। इनमें नैहाटी की 'बड़ो मां' के मंदिर भी शामिल था। उस पोर्टल पर 'बड़ो मां' के मंदिर का तस्वीर लगाई गई थी। दावा किया गया था कि 1000 से 5000 रुपए देकर 'बड़ो मां' के मंदिर में ऑनलाइन पूजा की जा सकती है। प्रसाद भक्तों के घर पहुंचा दिया जाएगा। कुछ अन्य मंदिरों के लिए भी ऑनलाइन पूजा के नाम पर ऐसे दावे लिखे गए थे। जहां बड़ी रकम का उल्लेख किया गया था। हाल ही में, कोलंबिया के एक प्रवासी निवासी ने एक भारतीय पोर्टल पर उक्त दावा देखा और नैहाटी की 'बड़ो मां' मंदिर में कमेटी को इसकी सूचना दी। कमेटी ने पोर्टल देखने के बाद सुरजीत को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। मंदिर कमेटी के एक सदस्य अयान साहा ने सुरजीत को रुपये भेजे। फिर, सुरजीत से मोबाइल फोन पर हुई और बातचीत का रिकॉर्ड 'बड़ो मां' मंदिर के ट्रस्टी बोर्ड के सदस्यों ने इकट्ठा किया। इसके बाद, 'बड़ो मां' मंदिर कमेटी की ओर से नैहाटी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। नैहाटी पुलिस ने शुक्रवार की रात सुरजीत को हुगली के रिषड़ा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उक्त मामले में एक महिला की भी तलाश है जिसके बैंक एकांउट में पैसा जाता था।

## साल्टलेक में बहुमंजिली इमारत के नीचे मिला युवक का शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साल्टलेक सेक्टर पांच इलाके में शुक्रवार की शाम एक बहुमंजिली इमारत के नीचे एक युवक का रक्त रंजित शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस सूत्रों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मृत युवक नाम परिवेश चटर्जी था। वह मुकुंदपुर का निवासी था। वह एक निजी संस्था में काम करता था। युवक सेक्टर पांच की एक ऊंची इमारत की 16वीं मंजिल से कूद गया। हालांकि, जांचकर्ता इस जानकारी की सत्यता की पुष्टि कर रहे हैं। पुलिस मृतक कार्यस्थल पर उसके सहकर्मियों और उच्च अधिकारियों से भी पूछताछ कर रही है। शनिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए आरजीकर अस्पताल भेजा गया। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने की पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवक ने आत्महत्या की है या मौत के पीछे कोई और वजह है। मृतक के परिवार को सूचना दे दी गई है।

## खड़े ट्रक से टकराई यात्रियों से भरी बस, चालक समेत कई घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के आनंदपुर थाना अंतर्गत पंचखुरी बुरापट इलाके में शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार यात्री बस ने स्टेट हाईवे के किनारे खड़ी एक माल-वाहक लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में बस चालक और कई यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों की पहल पर उन्हें इलाज के लिए केशपुर ग्रामीण अस्पताल भेजा गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, चंद्रकोना से मेदिनीपुर जा रही एक बस इस हादसे का शिकार हुई है, स्थानीय सूत्रों के मुताबिक बस में उस वक्त करीब 30 से 40 यात्री सवार थे।

# बर्दवान में बिना डिग्री वाला फर्जी डॉक्टर पिता-पुत्र गिरफ्तार



**बर्दवान :** बर्दवान के शहराचंल में फर्जी डॉक्टर पिता-पुत्र गिरफ्तार को धर दबोचा है। पुलिस के अनुसार, फर्जी डॉक्टर पिता अशोक कुमार प्रसाद व उसके बेटे के खिलाफ शिकायत के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया है। अजय अपने के 'एमबीबीएस' लिखता था, जबकि उसके बेटा ने खुद को 'जनरल फिजिशियन' बताता था। जांच में पता चला कि दोनों के पास डॉक्टरी की कोई वैध डिग्री नहीं है। लेकिन उनके क्लिनिक में छोटे-मोटे ऑपरेशन भी किए जा रहे थे। लक्ष्मीकपुर मैदान इलाके में एक तीन मंजिला इमारत के निचले तल पर ये क्लिनिक चल रहा था। जब पुलिस वहां पहुंची, तो करीब दस मरीज इलाज के लिए इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने जांच में पाया कि क्लिनिक के लिए न तो कोई वैध कागजात थे और न ही डॉक्टरों के पास कोई मेडिकल डिग्री। इसके बाद, दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओएच) जयराम हेम्ब्रम ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने इस क्लिनिक के खिलाफ शिकायत की थी। पुलिस ने जांच में पाया कि पिता अशोक कुमार प्रसाद ने खुद को 'एमबीबीएस' बताया, जबकि उनके बेटे ने 'जनरल फिजिशियन' के नाम से मरीजों का इलाज शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार, यह परिवार पहले भी 2017 में इसी तरह के मामले में पकड़ा जा चुका है, लेकिन बाद में जमानत पर रिहा होने के बाद उन्होंने फिर से इस काम को शुरू कर दिया। मुर्शिदाबाद से इलाज कराने आई एक महिला ने बताया कि उनकी मां को लकवे का इलाज कराने के लिए यहां लाया गया था। पुलिस ने क्लिनिक से बड़ी मात्रा में चिकित्सा उपकरण बरामद किए हैं और इस मामले में विस्तृत जांच जारी है। दोनों आरोपितों को शनिवार को अदालत में पेश किया गया। वहीं, मेडिकल काउंसिल से यह पुष्टि की जाएगी कि उनके पास कोई वैध रजिस्ट्रेशन है या नहीं।


Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

e-tender are invited by Chairman, Serampore Municipality from resourceful Bonafide agency for 1.Const. of Conc. Road with Conc. Box drain at Santosi Maa Goli in ward. 16, 2. Laying of Paver Block pavement at Mukharjee Para bye lane in ward. 07, 3. Const. of Conc. Road with Drain at N K Guin lane and Rupchand Chaprasi lane in ward. 08, 4. Laying of Mastic Ashphalt road at Rudra Ram Pandit lane from Thakurbati street crossing to Bhagirathi lane crossing in ward. 13, 5. Laying of Mastic Ashphalt road at Shib Chandra Palit lane, N N Roy street, Roy Ghat and MG Road in ward. 07, 6. Mastic Asphalt Road at B P Dey street in ward. 08 Under Serampore Municipality vide **e-NIT No- WBMAD/ULB/SRMP/ NIT-22/2024-2025, Date- 21/12/2024.** Bid Submission Start date (online) : **21/12/2024 at 02.00 P.M.** Bid Submission Closing (online) : **13/01/2025 up to 02:00 P.M.** Bid opening Date for Technical proposals (online) : **15/ 01/2025 at 02:00 P.M.** For details of the project go through **http:// wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality



**पश्चिम मध्य रेल**
**कार्यालय प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक**

**पत्र सं. बिक्री/1402/मु भं/डब्ल्यु सी आर ई-नीलामी/ प्रोग्राम/2024-25 दिनांक** 19/12/2024
**विषय**-माह-फरवरी-2025 का ई-नीलामी कार्यक्रम। फरवरी-2025 के दौरान विभिन्न लोकेशन में मौजूद रद्दी माल की ई-नीलामी कार्यक्रम निम्न प्रकार हैं।

| नीलामी का स्थान | सडिपुका भोपाल | वैगन मरम्मत शॉपकोटा | जबलपुर मंडल | भोपाल मंडल | कोटा मंडल |
|---|---|---|---|---|---|
| संबंधित व्यक्ति | उप मुख्य साप्र/ भोपाल(0755-2747414 | उप मुख्य साप्र/ कोटा(0744-2467082 | व/मं.सा.प्र. जबलपुर (0761-2623491 | व/मं.सा.प्र. भोपाल(0755-4001594) | व/मं.सा.प्र. कोटा(0744-2467006 |
| नीलामी की तिथी फरवरी-2025 | 01.02.2025 | 01.02.2025 | 01.02.2025 | 01.02.2025 | 01.02.2025 |
| | 03.02.2025 | 03.02.2025 | 03.02.2025 | 03.02.2025 | 03.02.2025 |
| | 05.02.2025 | 05.02.2025 | 05.02.2025 | 05.02.2025 | 05.02.2025 |
| | 07.02.2025 | 07.02.2025 | 07.02.2025 | 07.02.2025 | 07.02.2025 |
| | 10.02.2025 | 10.02.2025 | 10.02.2025 | 10.02.2025 | 10.02.2025 |
| | 12.02.2025 | 12.02.2025 | 12.02.2025 | 12.02.2025 | 12.02.2025 |
| | 14.02.2025 | 14.02.2025 | 14.02.2025 | 14.02.2025 | 14.02.2025 |
| | 17.02.2025 | 17.02.2025 | 17.02.2025 | 17.02.2025 | 17.02.2025 |
| | 19.02.2025 | 19.02.2025 | 19.02.2025 | 19.02.2025 | 19.02.2025 |
| | 21.02.2025 | 21.02.2025 | 21.02.2025 | 21.02.2025 | 21.02.2025 |
| | 24.02.2025 | 24.02.2025 | 24.02.2025 | 24.02.2025 | 24.02.2025 |
| | 27.02.2025 | 27.02.2025 | 27.02.2025 | 27.02.2025 | 27.02.2025 |

**नीलामी आइटमः**-अनुपयोगी रेल और अन्य पी-वे सामग्री, कार्यालय से जारी सभी अनुपयोगी कास्ट आयरन अनुपयोगी रोलिंग स्टॉक, नॉन फेरस एवं नॉन मेटॉलिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग, प्रयुक्त तेल, पेंट ड्रम, अनुपयोगी मशीनरी प्लांट, अनुपयोगी वाहन, अनुपयोगी कार्यालय उपकरण, एमएस/जी आई पाइप, फाउड्री स्लैग और अन्य विविध स्क्रैप आदि।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/बिक्री
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर


# पूर्व रेलवे के 8 अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से किया गया सम्मानित

## पूर्व रेलवे को मिला प्रतिष्ठित कमर्शियल शील्ड और सेल्स मैनेजमेंट शील्ड





**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे ने प्रतिष्ठित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से भारतीय रेलवे में उनकी असाधारण योगदानों के लिए 101 समर्पित कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित किया। नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को आयोजित समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया। इस समारोह में राज्य मंत्री, रेलवे और जल शक्ति, वी. सोमन्ना, राज्य मंत्री, रेलवे और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, रवीनीत सिंह, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के सदस्य और विभिन्न रेलवे जोन और उत्पादन इकाइयों के महाप्रबंधक उपस्थित रहे। इसके अलावा, 22 शील्ड्स विभिन्न श्रेणियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रेलवे जोनों को दी गईं, जो भारतीय रेलवे के समग्र प्रदर्शन में उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता देती हैं। इस अवसर पर रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह में 2 प्रतिष्ठित शील्ड्स, कमर्शियल शील्ड और सेल्स मैनेजमेंट शील्ड, पूर्व रेलवे को प्रदान की गईं। इन शील्ड्स को रेल मंत्री ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउसकर को सौंपा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक भी उपस्थित रहे। पूर्व रेलवे के 8 अधिकारियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें रोहित रंजन (वरिष्ठ डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर), हेमंत कुमार (उप मुख्य इंजीनियर), मोहम्मद नसिर (वरिष्ठ डिविजनल सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर), जितेंद्र प्रसाद सिंह (इलेक्ट्रिक लोको पायलट), बल्यो-गेश्वर प्रसाद - (मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक/मुख्य वाणिज्यिक पर्यवेक्षक), तपस साधुका (इलेक्ट्रिक लोको पायलट), रौशन कुमार (ट्रैक मेंटेनर-खत), उत्पल मंडल (सहायक उप निरीक्षक, कार्यकारी) शामिल हैं। यह पुरस्कार समारोह भारतीय रेलवे के कर्मचारियों की समर्पण, कड़ी मेहनत और असाधारण योगदानों को मान्यता देने का एक मंच है।


www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
**समाज्ञा**
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड में नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में स्कूल शिक्षक गिरफ्तार

**रामगढ़ (झारखंड) :** रामगढ़ जिले में एक छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में सरकारी स्कूल के 40 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 वर्षीय बच्ची के माता-पिता ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कराई और शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। शिकायत के अनुसार यह घटना 17 दिसंबर को भदानी नगर पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूल में हुई। इसमें कहा गया है कि घटना तब हुई जब छात्रा भोजनावकाश के दौरान शौचालय गई थी।

### पंजाब के मोहाली में बहुमंजिला इमारत ढही, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मोहाली जिले के सोहाना गांव में शनिवार को एक बहुमंजिला इमारत ढह गयी, जिसके मलबे में कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने बचाव अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत दो उत्खनन मशीनों को काम पर लगाया गया है। दमकल विभाग की एक टीम भी मौके पर मौजूद है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि इमारत ढहने पर तेज आवाज सुनाई दी। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि इमारत गिरने के पीछे क्या कारण था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक पारीक स्थिति का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंचे हैं।

### झारखंड: गंगा नदी में वाहन गिरने से दमकल विभाग के एक कर्मचारी की मौत

**साहिबगंज (झारखंड) :** झारखंड के साहिबगंज जिले में दमकल विभाग के एक वाहन के शनिवार को गंगा नदी में गिर जाने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजमहल के अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि साहिबगंज जिले के मंगलाहाट क्षेत्र में आग बुझाने के बाद वाहन चालक एक कर्मचारी के साथ आज सुबह नदी के फेरी घाट पर वाहन में ईंधन भराने के लिए गए थे।

# संभल में दूसरे दिन पहुंची एएसआई की टीम, कल्कि विष्णु मंदिर और कूप का किया



**संभल:** एएसआई की टीम संभल के प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर पर पहुंची, टीम ने सबसे पहले मंदिर के कूप का सर्वे किया। इसके बाद मंदिर परिसर को देखा। एएसआई की टीम प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर कल्कि भगवान की प्रतिमा की फोटोग्राफी की।

सुनील मिश्रा, संभल: भारतीय सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) की टीम संभल जिले में सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट स्थित श्री प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची। जहां शनिवार को एएसआई टीम ने सबसे पहले मंदिर के कूप का सर्वे किया। इसके पश्चात एएसआई की टीम ने श्री प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर के गर्भगृह में पहुंच कर कल्की भगवान की प्रतिमा की फोटोग्राफी की।

एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि सर्वे टीम ने कृष्ण कूप का सर्वे किया, यह कितना पुराना है। वहीं टीम ने कल्की मंदिर में 15 से 20 मिनट तक निरीक्षण किया और फिर चली गई। बता दें कि संभल में पुरातत्व सर्वेक्षण टीम ने 5 तीर्थ और 19 कुओं के निरीक्षण के क्रम में यहां पहुंची है। बीते शुक्रवार को टीम ने मीडिया से दूरी बनाते हुए गोपनीय सर्वे किया। इसके बाद आज भी टीम ने मंदिर और कूपों का सर्वे किया है।

**एएसआई की रिपोर्ट का इंतजार**

बताते है कि एएसआइ के स्तर से किये गए इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य संभल के ऐतिहासिक और पुरातत्व महत्व के स्थलों का मूल्यांकन करना बताया जा रहा है। कल भी एएसआई की चार सदस्यीय टीम ने यहां 5 तीर्थ और 19 कूपों की संरचनाओं का बारीकी से निरीक्षण किया था। सर्वे के उपरांत अब एएसआइ की रिपोर्ट आने पर इन स्थलों पर मरम्मत और पुनर्निर्माण या संरक्षित करने का कार्य किया सकता है।

# हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया



**सिरसा :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का शनिवार को सिरसा में स्थित उनके पैतृक गांव तेजा खेड़ा में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। प्रमुख जाट नेता एवं हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे चौटाला का शुक्रवार को 89 वर्ष की आयु में गुरुग्राम में निधन हो गया था। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता सुखबीर सिंह बादल और कई अन्य नेताओं ने शनिवार को यहां तेजा खेड़ा गांव में पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि दी। हरियाणा के कई मंत्रियों, राज्य विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा, शिअद नेता बिक्रम सिंह मजीठिया, भाजपा के मनप्रीत बादल और मनजिंदर सिंह सिरसा और कई अन्य नेताओं ने भी तेजा खेड़ा पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रमुख चौटाला का पार्थिव शरीर सिरसा में तेजा खेड़ा स्थित उनके परिवार के फार्महाउस में शनिवार को लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया था। ओमप्रकाश चौटाला के छोटे बेटे अभय सिंह चौटाला (इनेलो नेता) एवं बड़े बेटे अजय सिंह चौटाला (जननायक जनता पार्टी प्रमुख) और पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सहित परिवार के अन्य सदस्य तेजा खेड़ा में मौजूद थे। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अंतिम संस्कार किया गया। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा एवं रणदीप सिंह सुरजेवाला भी चौटाला को श्रद्धांजलि देने के लिए सुबह उनके फार्महाउस पहुंचे थे।

# महाकुम्भ में रंग-बिरंगी नावों पर नौका विहार कर सकेंगे श्रद्धालु

**महाकुम्भ नगर :** प्रयागराज की पहचान पूरे विश्व में त्रिवेणी संगम से होती है और संगम की पहचान यहां तैरती नावों से। इस बार श्रद्धालुओं को संगम तट पर नावों की अद्भुत छटा देखने को मिलेगी और इन नावों पर खूबसूरत चित्रकारी की जा रही है। एसडीएम (कुम्भ) अभिनव पाठक ने बताया कि महाकुम्भ 2025 को लेकर पूरे प्रयागराज और महाकुम्भ मेला क्षेत्र में निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में संगम के पक्के घाटों और नावों पर भी खूबसूरत चित्रकारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेला प्राधिकरण पांच लाख वर्गफुट क्षेत्र में पेंटिंग और चित्रकारी का कार्य करवा रहा है। इसके अलावा, नमामि गंगे मिशन के तहत लगभग 2000 नावों पर चित्रकारी की जा रही है, ताकि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभव हो। प्रयागराज संगम में पीढ़ियों से नाव चलाने वाले नाविकों का कहना है कि कुम्भ 2019 और महाकुम्भ 2025 में पहली बार हम नाविकों की सुध ली गई है। नाविक सियाराम निषाद का कहना है, इससे पहले कुम्भ और महाकुम्भ जैसे बड़े अवसर पर केवल लाइसेंस जारी होते थे और प्रशासन नावों की सवारी का किराया तय करता था।

# पटना में दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 की शानदार शुरुआत

**पटना :** बिहार सरकार की बहुप्रतीक्षित दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 - ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन शनिवार को पटना के ज्ञान भवन में हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, उद्योग-सह-पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा और श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पहले दिन छह सत्र आयोजित किए गए। पहला सत्र बिहार में निवेश के अवसर पर आधारित था, जिसमें वंदना प्रेयषी, सचिव, उद्योग विभाग, ने बिहार में उद्योग की संभावनाओं और सरकार द्वारा प्रोत्साहन नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है, खासकर कृषि, फूड प्रोसेसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में। दूसरे सत्र में फोस्टरिंग सिनर्जी: बिल्डिंग ए वाइब्रेंट आईटी/आईटीईएस एंड ईएसडीएम इकोसिस्टम इन बिहार पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि संतोष कुमार सुमन, मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, बिहार, ने राज्य में आईटी के क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर जोर दिया। तीसरे सत्र में नवीकरणीय ऊर्जा पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने राज्य में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए अवसर, पर्यटन में निवेश के अवसर और स्किलिंग बिहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र आयोजित हुए, जहां विभिन्न उद्योगों के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें शेखर आनंद और अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने आयोजन की सफलता में योगदान देने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान: टैंकर हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हुई

**जयपुर :** जयपुर में गैस टैंकर हादसे में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 14 हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हादसे में घायल हुए 30 से ज्यादा लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। चिकित्सा विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि हादसे में घायल हुए दो और लोगों की मौत हो गई तथा इसी के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हो गई। भांकरोटा इलाके में जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के एक ट्रक ने एलपीजी टैंकर को टक्कर मार दी थी, जिससे लगी आग ने 35 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया था। इस भीषण दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 35 अन्य लोग घायल हुए थे। राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने शुक्रवार को कहा था कि घायलों में से करीब आधे लोगों की हालत ''बहुत गंभीर'' है। हादसे में झुलसे ज्यादातर लोग यहां सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती हैं।

### गोंडा में चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**गोंडा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले की एक अदालत ने घटना के छह माह के अंदर चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या के आरोपी को दोषी करार देते हुए शनिवार को फांसी की सजा सुनाई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने आज यहां पीटीआई-भाषा को बताया, ''सत्र परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनकर प्रकरण में आरोपी विश्वनाथ वंशकार को दोषी करार दिया और घटना को जघन्यतम की श्रेणी में रखते हुए शनिवार को फांसी की सजा सुनाई।'' एसपी ने घटना के संदर्भ में बताया कि जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कटरा रेलवे स्टेशन के निकट बाग में 21/22 जून 2024 की रात में चार वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने के उपरांत हत्या कर दी गई थी। उसका शव अगले दिन सुबह क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में विष्णु गुप्ता उर्फ किन्ने की तरफ से अज्ञात के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज कराया गया था। एसपी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने एसओजी और सर्विलांस समेत पांच टीमों का गठन किया था, और सभी टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्य संकलन करते हुए घटना के 24 घंटे के अंदर दतिया (मध्यप्रदेश) निवासी विश्वनाथ वंशकार को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेजा था।

# संकट में होती है व्यक्ति और संस्थान की पहचान, कोई बिखर तो कोई निखर जाता है: मुख्यमंत्री

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि शासन ने किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) को सब कुछ दिया है और हमारे पास पैसों की कमी नहीं है, हमें सेवाओं को बेहतर बनाने के बारे में सोचना चाहिये। संस्थान को अगले 100 वर्ष का लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ना होगा, ताकि संस्थान के गौरव को और आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को केजीएमयू के 120 वें



स्थापना दिवस समारोह में 67 मेधावी छात्रों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एक बयान के मुताबिक उन्होंने कहा कि संकट में हर व्यक्ति और संस्थान की पहचान होती है और जब अचानक कोई चुनौती आती है तो लोग बड़े-बड़े दावे करके मैदान छोड़ भाग जाते हैं। उन्होंने कहा, ''यह वह समय होता है, जब कोई बिखर जाता है और जो चुनौतियों का सामना करता है वो निखर जाता है। हमें बिखरना नहीं है। केजीएमयू के गौरव को बढ़ाना है।'' उन्होंने कहा कि ध्यान रहे कि कोई भी मरीज निराश न जाए।

# बिहार सरकार ने बेतिया राज की भूमि के पूर्ण अधिग्रहण के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की

**पटना :** बिहार में बेतिया राज की लगभग 15,358 एकड़ जमीन पर प्रदेश सरकार के पूर्ण अधिग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। इस संबंध में राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य विधानमंडल द्वारा पिछले महीने शीतकालीन सत्र में पारित विधेयक के बाद 11 दिसंबर को 'बेतिया राज संपत्ति निहित अधिनियम-2024' की राजपत्र अधिसूचना जारी की गयी। इससे पहले, इन संपत्तियों का प्रबंधन 'कोर्ट ऑफ वार्ड्स', राजस्व बोर्ड (बिहार सरकार) द्वारा किया जाता था। राजपत्र अधिसूचना के मुताबिक, बिहार राज्य के अंदर या बाहर स्थित बेतिया राज की सभी मौजूदा संपत्तियां, फिर चाहे वे न्यायालय के संज्ञान में हैं या जिनकी देखभाल न्यायालय द्वारा की जा रही है, चल या अचल, इस अधिनियम के लागू होने की तिथि से राज्य सरकार के पास निहित होंगी। बेतिया राज संपत्ति में बेतिया के तत्कालीन राजा की सभी चल और अचल संपत्तियां शामिल हैं।



## न्यूज इन ब्रीफ

### इंडिगो ने चेन्नई और पेनांग के बीच दैनिक सीधी उड़ानें शुरू कीं

**चेन्नई :** इंडिगो ने शनिवार को चेन्नई और मलेशिया के पेनांग के बीच दैनिक सीधी उड़ानें शुरू कीं। यह एयरलाइन का 37वां अंतरराष्ट्रीय गंतव्य है। इंडिगो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि नया मार्ग दोनों शहरों के बीच यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। इससे व्यावसायिक यात्रियों और पर्यटकों को सुविधाजनक तथा किफायती विकल्प मिलेगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने एक बयान में कहा, ''हम चेन्नई से पेनांग के लिए सीधी उड़ानों की शुरुआत के साथ मलेशिया में अपने नेटवर्क का विस्तार करके बेहद खुश हैं। पेनांग के लिए इन उड़ानों को शामिल करने के साथ, इंडिगो अब भारत के दो शहरों से मलेशिया के लिए 28 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।''

### कर्नाटक : कार पर कंटेनर ट्रक पलटने से एक परिवार के छह लोगों की मौत

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के निकट शनिवार को एक कंटेनर ट्रक के कार के ऊपर पलट जाने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बेंगलुरू के बाहरी इलाके तालेकेरे के निकट नेलमंगला में हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान चंद्रायगप्पा गौल (48), गौराबाई (42), विजयलक्ष्मी (36), जॉन (16), दीक्षा (12) और आर्या (छह) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना के समय परिवार विजयपुरा जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि चंद्रायगप्पा 'एचएसआर लेआउट' में एक सॉफ्टवेयर फर्म के मालिक थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक के कार पर गिरने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शव क्षत-विक्षत हो गए।

### तृतीय लिंग को 0.5 प्रतिशत अंतरिम आरक्षण दे एनए-लएसआईयू: कर्नाटक उच्च न्यायालय

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनए-लएसआईयू) को निर्देश दिया है कि वह दाखिले में तृतीय लिंग को 0.5 प्रतिशत अंतरिम आरक्षण दे और जब तक विश्वविद्यालय ऐसे आवेदकों के लिए आरक्षण को लेकर कोई नीति नहीं बना लेता, तब तक फीस में छूट दी जाए। न्यायमूर्ति रवि वी. होस्मानी की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनए-लएसआईयू को वित्तीय सहायता की व्यवस्था के सिलसिले में उचित अनुदान के लिए केंद्र और राज्य सरकार से संपर्क करने को भी कहा।

### छत्तीसगढ़ के बस्तर में मिनी माल वाहक वाहन के पलटने से चार लोगों की मौत, 30 घायल

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में शनिवार को एक मिनी माल वाहक वाहन के पलटने से तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गयी तथा लगभग 30 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि यह घटना आज दोपहर चांदामेटा गांव के पास उस समय हुई जब पीड़ित चांदामेटा के साप्ताहिक बाजार से कोलेंग गांव लौट रहे थे।

# पूर्वोत्तर में पुलिस के दृष्टिकोण में बदलाव का समय आ गया है : शाह




**अगरतला :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में उग्रवाद समाप्त होने के साथ ही पुलिस बल के दृष्टिकोण में बदलाव का समय आ गया है ताकि लोगों के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके। शाह ने यहां पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 72वें पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्ष में 20 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर करके क्षेत्र में शांति स्थापित की, जिसके परिणामस्वरूप 9,000 सशस्त्र उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा, ''पुलिस ने पिछले चार दशक तक पूर्वोत्तर में उग्रवाद से लड़ाई लड़ी है। अब उग्रवाद समाप्त हो चुका है, तो हमें पुलिस बल के दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है ताकि लोगों को प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर न्याय मिल सके।''

### अमित शाह ने बैंकों से पूर्वोत्तर के लिए अलग वित्तीय दिशानिर्देश तैयार करने को कहा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सभी बैंकों से पूर्वोत्तर के लोगों और वहां की जमीनी हकीकत को ध्यान में रखते हुए वहां के लिए अलग वित्तीय दिशानिर्देश तैयार करने को कहा, ताकि इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। यहां 'बैंकर्स कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए उन्होंने पूर्वोत्तर के विकास की जिम्मेदारी वहन करने को भी कहा। शाह ने कहा, क्या रिजर्व बैंक, नाबार्ड और अन्य बैंकों द्वारा एमएसएमई, व्यवसाय, ऋण, व्यक्तिगत ऋण के संबंध में तैयार किये गये दिशानिर्देश देश के बाकी हिस्सों और पूर्वोत्तर के लिए भी एक जैसे होने चाहिए? यह कैसे संभव है। पूर्वोत्तर के लिए बैंकिंग दिशानिर्देश एक जैसे नहीं हो सकते।''

### नमो भारत ट्रेन के यात्रियों को आरआरटीएस कनेक्ट ऐप से टिकट खरीदने पर 10 प्रतिशत छूट मिलेगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा शुरू की गई ''लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम'' पहल के तहत नमो भारत ट्रेन के यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट' ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने शनिवार को साहिबाबाद क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) स्टेशन पर इस पहल की शुरुआत की और द्वि-मासिक यात्री समाचार पत्रिका 'नमो भारत टाइम्स' के पहले संस्करण का भी अनावरण किया। लॉयल्टी पॉइंट्स पहल के तहत, यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपए पर एक पॉइंट मिलेगा। बयान में कहा गया कि हर लॉयल्टी प्वाइंट का मूल्य 0.10 रुपये (10 पैसे) होगा और इसे यात्री के खाते में जमा कर दिया जाएगा।

## भारत के वन-वृक्ष क्षेत्र में 1,445 वर्ग किलोमीटर वृद्धि: सरकारी रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत के कुल वन और वृक्ष क्षेत्र में 2021 के बाद से 1,445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है और अब यह कुल भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत हो गया है। नए सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के मुताबिक, वन क्षेत्र में मात्र 156 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई जबकि वृक्ष क्षेत्र में 1,289 वर्ग किलोमीटर का विस्तार हुआ। वन क्षेत्र में अधिकांश वृद्धि (149 वर्ग किलोमीटर) 'रिकॉर्डेड फॉरेस्ट एरिया' (आरएफए) के बाहर हुई, जो सरकारी रिकॉर्ड में वन के रूप में नामित क्षेत्रों को संदर्भित करता है। शनिवार को जारी भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर)- 2023 में यह भी बताया गया है कि भारत ने 2005 के स्तर की तुलना में 2.29 अरब टन का अतिरिक्त 'कार्बन सिंक' हासिल किया है। 'कार्बन सिंक' से आशय है कि पर्यावरण में जितना कार्बन छोड़ा गया उससे ज्यादा अवशोषित किया गया। पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अपनी जलवायु योजनाओं या राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के हिस्से के रूप में भारत ने 2030 तक 2.5 से तीन अरब टन का अतिरिक्त 'कार्बन सिंक' करने की प्रतिबद्धता जताई है। आईएसएफआर-2023 में बताया गया कि देश का कुल वन क्षेत्र 2021 में 7,13,789 वर्ग किलोमीटर था, जो बढ़कर 2023 में 7,15,343 वर्ग किलोमीटर हो गया, लिहाजा अब कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.76 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है। रिपोर्ट में कहा गया कि वृक्ष क्षेत्रफल 1,289 वर्ग किलोमीटर बढ़ गया है और अब यह देश के भौगोलिक क्षेत्र का 3.41 प्रतिशत है। कुल मिलाकर, वन और वृक्षों का क्षेत्रफल 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है, यानी भारत के भौगोलिक क्षेत्र के 25.17 प्रतिशत क्षेत्र पर वन और वृक्ष हैं।

## प्रतिष्ठित मुसलमान नागरिकों के समूह ने भागवत की टिप्पणी की सराहना की

**नयी दिल्ली :** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी सहित प्रतिष्ठित मुसलमानों के एक नागरिक समाज समूह ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की समावेशी समाज की वकालत करने वाली टिप्पणी की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह उन लोगों के लिए एक मार्गदर्शक होगी, ''जो देश के मूल ताने-बाने पर हमला कर रहे हैं।'' भागवत ने हाल में कई मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर ''हिंदुओं के नेता'' बन सकते हैं। भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में 'भारत-विश्वगुरु' विषय पर बृहस्पतिवार को व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने समावेशी समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि देश सद्भावना के साथ एक साथ रह सकता है। भागवत को लिखे पत्र में नागरिक समाज समूह 'सिटिजन्स फॉर फ्रेटरनिटी' ने कहा, ''पुणे में की गई आपकी टिप्पणियों से हम बेहद प्रसन्न हैं। भारतीय मुसलमान और ईसाई होने के नाते हम समाज के एक वर्ग द्वारा हाल ही में कही गई बातों और हाल के दिनों में हुई घटनाओं से बेहद चिंतित हैं, जिसके कारण गंभीर सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ है।''

## दानपात्र में गिरा श्रद्धालु का आईफोन लौटाने से मंदिर प्रशासन का इनकार, नियमों का दिया हवाला



**चेन्नई :** चेन्नई में एक श्रद्धालु का आईफोन गलती से एक मंदिर के दानपात्र में गिर गया, जिसे लौटाने के अनुरोध को तमिलनाडु हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्त विभाग ने यह कहते हुए विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया कि वह अब मंदिर की संपत्ति बन गया है। अपनी गलती का एहसास होने के तुरंत बाद दिनेश नामक श्रद्धालु ने तिरुपुरुर में स्थित श्री कंडास्वामी मंदिर के अधिकारियों से संपर्क करके अनुरोध किया कि दान करते समय अनजाने में दानपात्र में गिरा उसका फोन वापस किया जाए। शुक्रवार को दानपात्र खोलने के बाद, मंदिर प्रशासन ने दिनेश से संपर्क किया और कहा कि फोन मिल गया है और उन्हें फोन का केवल डेटा प्रदान किया जा सकता है। हालांकि, दिनेश ने डेटा लेने से इनकार कर दिया और कहा कि उनका फोन उन्हें वापस किया जाए। शनिवार को जब यह मामला हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्त मंत्री पी. के. शेखर बाबू के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने जवाब दिया, जो कुछ भी दान पेटी में जमा किया जाता है, चाहे वह मनमर्जी से न दिया गया हो, भगवान के खाते में चला जाता है। बाबू ने यहां पत्रकारों से कहा, मंदिरों की प्रथाओं और परंपराओं के अनुसार, हुंडी (दानपात्र) में चढ़ाया गया कोई भी चढ़ावा सीधे उस मंदिर के देवता के खाते में चला जाता है। नियमों के अनुसार श्रद्धालुओं को चढ़ावा वापस करने की अनुमति नहीं है। मंत्री ने यहां माधवरम में अरुलमिगु मरिअम्मन मंदिर के निर्माण कार्य और वेणुगोपाल नगर में अरुलमिगु कैलासनाथर मंदिर से संबंधित मंदिर के तालाब के जीर्णोद्धार का निरीक्षण करने के बाद कहा कि वह विभाग के अधिकारियों के साथ इस बारे में चर्चा करेंगे कि क्या श्रद्धालु को मुआवजा देने की कोई संभावना है।

## न्यूज अपडेट

### क्रिकेटर विराट कोहली के रेस्तरां को खराब अग्नि सुरक्षा उपायों के लिए नोटिस

**बेंगलुरु :** बेंगलुरू नगर निगम ने क्रिकेटर विराट कोहली के स्वामित्व वाले एक रेस्तरां को अग्नि एवं सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन के लिए नोटिस भेजा है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के एक अधिकारी ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि वन8 कम्यून रेस्तरां कस्तूरबा रोड पर स्थित है। अधिकारी ने कहा, हमने एक सप्ताह पहले उन्हें (वन8 कम्यून को) नोटिस दिया था। वहां अग्नि एवं सुरक्षा उपाय नहीं थे। अधिकारी ने बताया कि एक सप्ताह बाद भी कोई जवाब नहीं मिला, इसलिए सोमवार को रेस्तरां को नया नोटिस भेजा जाएगा।

### इसरो और ईएसए अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, मिशन कार्यान्वयन पर सहयोग करने पर सहमत हुए

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, मिशन कार्यान्वयन और अनुसंधान प्रयोगों से संबंधित गतिविधियों पर सहयोग के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते पर इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) के सचिव डॉ. एस सोमनाथ और ईएसए के महानिदेशक डॉ. जोसेफ एशबैकर ने हस्ताक्षर किए। इसरो ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह समझौता मानव अंतरिक्ष अन्वेषण और अनुसंधान में सहयोगात्मक गतिविधियों के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है, इनमें विशेष रूप से अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, प्रयोग विकास और एकीकरण के लिए समर्थन, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ईएसए सुविधाओं का उपयोग, मानव और जैव चिकित्सा अनुसंधान प्रयोग कार्यान्वयन के साथ-साथ संयुक्त शिक्षा और संपर्क गतिविधियों जैसे क्षेत्र शामिल हैं। दोनों एजेंसियां आगामी एक्सिओम-4 मिशन के लिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) पर भारतीय प्रधान अन्वेषकों द्वारा चुने गए प्रयोगों को क्रियान्वित करने के लिए सहयोग कर रही हैं।

### स्पैडेक्स मिशन के तहत प्रक्षेपण यान को पहले 'लांचिंग पैड' ले जाया गया : इसरो

**बेंगलुरु :** भारत के 'स्पैडेक्स' मिशन के प्रक्षेपण यान को एकीकृत कर दिया गया है और इसे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले 'लांचिंग पैड' पर ले जाया गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को 'डॉक' (एक यान से दूसरे यान के जुड़ने)करने और 'अनडॉक'(अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने) करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी का विकास और प्रदर्शन करना है। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रक्षेपण यान को एकीकृत कर दिया गया है और अब उपग्रहों को इसपर स्थापित करने तथा प्रक्षेपण की तैयारियों के लिए इसे पहले 'लांचिंग पैड' पर ले जाया गया है। इसरो के मुताबिक,'स्पैडेक्स' मिशन, पीएसएलवी द्वारा प्रक्षेपित दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके 'अंतरिक्ष में डॉकिंग' के प्रदर्शन के लिए लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है। इसरो ने कहा कि यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे कि चंद्रमा पर भारत का अभियान, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, भारतीय अंतरिक्ष केंद्र(बीएएस) का निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक है।

### अकासा एयर के स्पेशल मील के साथ हवाई यात्रा में लीजिए क्रिसमस के खास व्यंजनों का स्वाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** अकासा एयर की ऑनबोर्ड मील सर्विस कैफ़े अकासा ने अपने क्रिसमस स्पेशल मील के तीसरे एडिशन को लॉन्च कर दिया है। यह स्पेशल मील इस खास मौसम का बेहतरीन टेस्ट प्रदान करता है। क्रिसमस स्पेशल मील में इस सीजन के खास व्यंजनों को पेश किया गया है, इस मील में हवाई यात्रियों को चिकन मिंस क्रैनबेरी पाई का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा, इसके साथ ही बेहतरीन क्रिसमस पुडिंग और उनकी पसंद के ड्रिंक भी पेश किए जाएंगे। यह मील खासतौर पर अकासा एयर नेटवर्क पर 1-31 दिसंबर 2024 तक उपलब्ध कराया गया है। त्योहार के दौरान की गई अकासा एयर की इस खास पेशकश का लुत्फ उठाने के लिए ग्राहक कंपनी की वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए इस मील को आसानी से प्री-बुक कर सकते हैं। क्रिसमस स्पेशल मील के साथ अकासा एयर की पूरी कोशिश है कि हवाई यात्रा के दौरान यात्री छुट्टियों के इस मौसम का भरपूर मजा उठा सकें।

## कांग्रेस सरकार ने जिन संगठनों को 'नक्सली मोर्चा' बताया, वे 'भारत जोड़ा यात्रा' में शामिल हुए: फडणवीस

**नागपुर :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को दावा किया कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जिन संगठनों को माओवादियों का 'मुखैटा संगठन' करार दिया था उन्हीं संगठनों ने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में हिस्सा लिया। राज्य विधानमंडल के एक सप्ताह लंबे शीतकालीन सत्र के अंत में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फडणवीस ने यह भी कहा कि उनकी सरकार मुंबई में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों का पता लगाएगी और उन्हें वापस भेजेगी। अपने नए मंत्रिमंडल के विभागों के बंटवारे के बारे में उन्होंने कहा कि यह आज शाम को या रविवार को हो सकता है। फडणवीस ने सत्र के दौरान लगाए गए अपने आरोप को दोहराया कि माओवादियों के 'मुखौटा संगठनों' के रूप में काम करने वाले 'अर्बन नक्सल' संगठनों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में भाग लिया। उन्होंने कहा, ''यह मैं नहीं कह रहा हूं, 2014 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य और केंद्र सरकारों की रिपोर्ट ऐसा कहती हैं।'' फडणवीस ने कहा कि इनमें से कुछ संगठनों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। 'अर्बन नक्सल' समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बनाए गए लोक सुरक्षा विधेयक के बारे में पूछे गए सवाल पर फडणवीस ने कहा कि इसे दोनों सदनों के 21 सदस्यों वाली संयुक्त समिति के पास विचार के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि समिति की अध्यक्षता भाजपा नेता एवं मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले करेंगे। संविधान की प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त करने के मुद्दे पर परभणी शहर में हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद गिरफ्तार किए गए सोमनाथ सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में मौत के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि जब सूर्यवंशी को अदालत में पेश किया गया तो न्यायाधीश ने उनसे पूछा कि क्या पुलिस ने उन्हें प्रताड़ित किया था।

## संसद सत्र ने भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर कर दिया है: स्टालिन

**चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को कहा कि हाल के संसद सत्र ने केंद्र की भाजपा सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर कर दिया है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा सदस्यों की तुलना में द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसदों ने हाल में संपन्न हुए शीतकालीन सत्र के दौरान बेहतर प्रदर्शन किया और वे लोगों की आवाज उठाने में नायक बनकर उभरे हैं। स्टालिन ने एक बयान में कहा, राज्य के अधिकारों से संबंधित मुद्दे उठाने और सदन का ध्यान आकर्षित करने में द्रमुक के सांसदों के प्रदर्शन से देश आश्चर्यचकित है। उन्होंने अपनी पार्टी के सांसदों की सराहना की। स्टालिन ने केंद्र की आलोचना करते हुए कहा, एक तरफ केंद्र ने भारत के संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जश्न मनाया, लेकिन दूसरी तरफ आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कई मुद्दों पर चुप्पी साधे रखी, जबकि उन्हें जवाब देने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी। भाजपा सदस्यों ने संसद में लोकतंत्र को बाधित करने की कोशिश की। स्टालिन ने आरोप लगाया, शीतकालीन सत्र इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार ने संसदीय लोकतंत्र को किस तरह खत्म कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) ने खुद संविधान के निर्माता आंबेडकर को बदनाम किया है, जिससे भाजपा का कुलीन फासीवादी चरित्र उजागर हुआ है।

## जमशेदपुर के टाटा स्टील वन्य जीव उद्यान में तितली घर का उद्घाटन किया गया



**जमशेदपुर :** एक अत्याधुनिक तितली घर (बटरफ्लाई हाउस) का शनिवार को यहां टाटा स्टील वन्य जीव उद्यान (टीएसजेडपी) में उद्घाटन किया गया। पंखदार कीटों की सुंदरता और पारिस्थितिक महत्व के लिहाज से यह पहल अहम है। टाटा स्टील में कॉर्पोरेट सेवाओं के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने 'टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जेसीएपीसीप-ीएल (जमशेदपुर कंटीन्यूअस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक अभिजीत अविनाश नानोटी और अन्य की उपस्थिति में बटरफ्लाई हाउस का उद्घाटन किया। चौधरी ने चिड़ियाघर के प्रति समर्पित मालती मांझी को सम्मान देने के लिए उन्हें फीता काटने की औपचारिक के लिए आमंत्रित किया। तितली घर को 1.76 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। चौधरी ने कहा, ''तितली घर का होना न केवल चिड़ियाघर के लिए एक अतिरिक्त विशेषता होगी, बल्कि यह सीखने, प्रेरणा और प्रकृति से जुड़ने का भी एक स्थान है।''

## कन्नौज में शिवांगी ने लिंग परिवर्तन कराकर अपनी सहेली ज्योति से शादी की



**कन्नौज :** कन्नौज जिला मुख्यालय के सराय मीरा देविन टोला निवासी एक युवती शिवांगी ने लिंग परिवर्तन कराने के बाद रानू (32) बनकर अपनी सहेली ज्योति (25) से शादी कर ली। इस शादी को परिजनों ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो के जरिये सार्वजनिक किया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार कन्नौज के सराय मीरा देविन टोला निवासी इन्द्र गुप्ता की सबसे छोटी बेटी शिवांगी उर्फ रानू ने अपनी सहेली ज्योति से शादी कर ली। दोनों सहेलियों की शादी नवंबर माह में 25 तारीख को हुई। इसके पहले ही शिवांगी ने लिंग परिवर्तन करा लिया। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद यह शादी सुर्खियों में आ गयी। शिवांगी उर्फ रानू ने बताया कि चार साल पहले उसकी दुकान पर ज्योति जेवर खरीदने आई थी तभी से उसकी जान पहचान हो गई और फिर गहरी दोस्ती हो गई। ज्योति ने शिवांगी उर्फ रानू के मकान में ब्यूटी पार्लर खोल लिया जिससे दोनों की नजदीकियां और बढ़ गई और शादी का फैसला कर लिया। इसके बाद रानू (32) ने लडका बनने का फैसला लिया और लिंग परिवर्तन के लिए इंटरनेट पर जानकारी की। उसने दिल्ली के एक विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह ली और लिंग बदलवाने के लिए तीन ऑपरेशन कराये। एक ऑपरेशन होना अभी बाकी है। रानू ने बताया कि ऑपरेशन के बाद उसने ज्योति (25) से नवम्बर में शादी कर ली। इस शादी में परिवार ने पूरा सहयोग किया। परिवार के सदस्यों ने कहा कि ज्योति और रानू शादी से खुश हैं।

# भारतीय जनशक्ति, कौशल से 'न्यू कुवैत' के निर्माण में मदद मिलेगी: प्रधानमंत्री मोदी




**कुवैत सिटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि प्रवासी भारतीयों ने कुवैत के 'कैनवास' को भारतीय कौशल के रंगों से भर दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारत के पास 'न्यू कुवैत' के लिए आवश्यक जनशक्ति, कौशल और प्रौद्योगिकी है। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत की यात्रा पर आए मोदी ने यहां प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, ''भारत से यहां पहुंचने में आपको चार घंटे लगते हैं लेकिन किसी भारतीय प्रधानमंत्री को कुवैत जाने में चार दशक लग गए।'' यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की पहली यात्रा है। अगले कुछ सप्ताहों में मनाए जाने वाले त्योहारों की लोगों को शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने कहा, ''आप सभी भारत के विभिन्न भागों से आए हैं, लेकिन आप सभी को देखकर ऐसा लगता है जैसे कि यहां एक मिनी हिंदुस्तान एकत्रित हुआ है।'' उन्होंने कहा, ''हर साल सैकड़ों भारतीय कुवैत आते हैं; आपने कुवैत के समाज में भारतीयता का तड़का लगाया। आपने कुवैत के 'कैनवास' को भारतीय कौशल के रंगों से भर दिया है, जिसमें भारत की प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और परंपरा का सार भी शामिल है।'' उन्होंने कहा कि भारत के पास 'न्यू कुवैत' के लिए आवश्यक जनशक्ति, कौशल और प्रौद्योगिकी है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने रामायण, महाभारत के अरबी अनुवादक और प्रकाशक की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां कुवैत के दो नागरिकों से मुलाकात की और भारत के महत्वपूर्ण ग्रंथों रामायण और महाभारत का अरबी भाषा में अनुवाद और प्रकाशन करने के उनके प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने दोनों ग्रंथों के अरबी संस्करणों की प्रतियों पर हस्ताक्षर भी किए। मोदी शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे। मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत पहुंचे हैं। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की पहली यात्रा है। इससे पहले, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1981 में कुवैत का दौरा किया था। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रामायण और महाभारत के अरबी अनुवाद देखकर मुझे खुशी हुई। मैं अनुवाद और प्रकाशन में अब्दुल्ला अल-बैरन और अब्दुल लतीफ अल-नसेफ के प्रयासों की सराहना करता हूं। उनकी यह पहल विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता को उजागर करती है।''

## पू. सी. रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक ने अररिया - गलगलिया नई ब्रॉड गेज लाइन परियोजना का निरीक्षण किया



**मालीगाँव, समाज्ञा :** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे निर्माण के महाप्रबंधक श्री अरुण कुमार चौधरी ने हाल ही में महत्वपूर्ण अररिया-गलगलिया नई ब्रॉड गेज (बीजी) लाइन रेलवे परियोजना का निरीक्षण किया। संपूर्ण परियोजना बिहार राज्य में पू. सी. रेलवे के कटिहार मंडल के अधीन है। अररिया कोर्ट से ठाकुरगंज तक 110.75 किलोमीटर की यह महत्वाकांक्षी परियोजना, मौजूदा रेलवे नेटवर्क को और अधिक मजबूत करने और उस हिस्से में पूरे रेलवे संचालन की दक्षता में सुधार करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ रेल संपर्क को बढ़ाएगी। इस परियोजना का निर्माण 4000 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत से किया जा रहा है और इसे वर्ष 2025 तक पूरा करने की योजना है। निरीक्षण में कई तरह के प्रमुख कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने और समय पर परियोजना को पूरा करने के लिए गंभीर समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया गया। अररिया-गलगलिया ब्रॉड गेज लाइन परियोजना से बिहार में पहले से वंचित क्षेत्रों को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेलवे लिंक के रूप में विकसित होने की उम्मीद है। इससे माल और यात्रियों की सुगम आव-ाजाही की सुविधा मिलेगी, क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और पहुंच को बढ़ावा मिलेगा। एक बार चालू होने के बाद, यह यात्रा के समय को कम करेगा, आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा और उत्तर बंगाल एवं बिहार के विकास को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, यह लाइन पड़ोसी देश नेपाल के साथ माल की सीमा पार परिवहन में सुधार के लिए एक रणनीतिक परिसंपत्ति के रूप में कार्य करेगी। निरीक्षण के दौरान, प्रमुख बुनियादी अवसंरचनात्मक कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। विभिन्न सेक्शनों में बड़े पुलों, छोटे पुलों के निर्माण और ट्रैक लिंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पुलों के निर्माण और कई प्रमुख कार्यों के पूरा होने के साथ, बीबीगंज-पौआखाली खंड के शेष चल रहे कार्यों को जल्दी पूरा करने के प्रयास चल रहे हैं। पौआखाली से ठाकुरगंज सेक्शन का पहले ही सीआर-एस निरीक्षण हो चुका है, जिसमें मुख्य लाइन पर 70 कि.मी. प्रति घंटे और टर्नआउट पर 15 कि.मी. प्रति घंटे की अनुमेय गति से ट्रेन परिचालन के लिए मंजूरी प्रदान की गई है।







वर्ष 9, पूर्णांक 4096 अंक 246, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in